R.N.I.NO UPHIN/2010/39063

हिन्दी दैनिक

# सिन्धु टाइम्स

सिन्ध सदियों से हमारे देश की पहचान है, यह नदी गुज़रे जहां से समझो हिन्दुस्तान है।



ये है उप्र में भाजपा सरकार के `हवाई दावों की हवा में उड़ती फाइल'! कानपुर मेयर का ये दिखावटी गुस्सा कितना सच है, जनता सब जानती है। कानपुर ही नहीं पूरे उप्र की जनता को भाजपाई मेयरों ने ठगा है।



वर्ष : 14 अंक : 242 | लखनऊ शनिवार,15 जून 2024 | पृष्ठ : 8 | मूल्य – 2 रुपये

3 अवध विवि की कुलपति, अधिकारी.... | 6 फतेहपुर तहसील सभागार में .... | सोनाक्षी 23 जून को करेंगी..... 8

# बकरीद पर सीएम योगी की सख्त हिदायत, सड़क पर न पढ़ी जाए नमाज, प्रतिबंधित जानवरों की नहीं होनी चाहिए कुर्बानी

***योगी ने निर्देश दिया कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न हो। कुर्बानी के बाद कचरे के निस्तारण के लिए सभी जिलों में व्यवस्थित कार्ययोजना शुरू की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली किसी भी अप्रिय घटना को रोकने का भी निर्देश दिया।***



लखनऊ 14 जून (एजेंसी) आगामी बकरीद के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक आदेश जारी कर सड़कों पर नमाज अदा करने और अज्ञात स्थानों पर पशु कुर्बानी पर प्रतिबंध लगा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई कुर्बानी प्रथा में चढ़ाए जाने वाले प्रतिबंधित जानवरों का वध करते हुए पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बकरीद पर कुर्बानी के लिए स्थान पहले से ही चिह्नित कर लिया जाए। अन्य स्थानों पर कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। विवादित या संवेदनशील स्थानों पर कुर्बानी नहीं दी जानी चाहिए। योगी ने निर्देश दिया कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न हो। कुर्बानी के बाद कचरे के निस्तारण के लिए सभी जिलों में व्यवस्थित कार्ययोजना शुरू की जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली किसी भी अप्रिय घटना को रोकने का भी निर्देश दिया। योगी आदित्यनाथ ने पुलिस को सतर्क रहने और आगामी त्योहारी महीने के दौरान राज्य में कानून–व्यवस्था पर मजबूत पकड़ बनाए रखने को कहा। जहां हिंदू 16 जून को गंगा दशहरा मनाएंगे, वहीं मुस्लिम 17 जून को बकरीद मनाएंगे। बाद में, हिंदू भक्त 22 जुलाई को कांवर यात्रा पर निकलेंगे।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं तैयार रखी जाएं। मुख्यमंत्री ने त्योहारों की तैयारियों की भी समीक्षा की. सीएम योगी आदित्यनाथ ने यह भी बताया कि 18 जून को श्बड़ा मंगलश त्योहार मनाया जाएगा और उसके बाद 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जुलाई में मुहर्रम (17 जुलाई) और कांवर यात्रा जैसे कार्यक्रम होंगे। कानून–व्यवस्था की दृष्टि से यह अवधि बेहद संवेदनशील है। सरकार और प्रशासन को 24×7 एक्टिव मोड में रहने की जरूरत है।

# अबू धाबी के विद्यार्थियों से बोले प्रो. द्विवेदी यह क्रियेटिविटी और आईडियाज का समय भारतीय विद्या भवन , अबू धाबी का आयोजन कम्युनिकेशन से ही होगा दुनिया के संकटों का समाधान





–प्रो. संजय द्विवेदी

भोपाल ,14 जून। "किसी भी इंसान को छोटी–छोटी समस्याओं पर नजर रखनी चाहिए। उनका हल सोचना चाहिए। बड़े और सफल आइडियाज इन्हीं से निकलते हैं।ष यह विचार भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी)के पूर्व महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी ने अबू धाबी के भारतीय विद्या भवन द्वारा संचालित इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित आनलाईन संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि यह समय क्रियेटिविटी और आईडियाज का है। दुनिया का हर संकट संवाद और संचार से हल किया जा सकता है। उन्होंने कहा संचार और संवाद की दुनिया में वही लोग स्थापित हो सकते हैं, जिनके पास नए विचार, नई भाषा और कहानी कहने की कला है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राइवेट इंटरनेशनल स्कूल, आबूधाबी की प्राचार्या वनिता वाल्टर ने की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश बालकृष्णन, उप–प्रधानाचार्या श्रीमती मिनी रमेश, हिंदी विभाग प्रमुख रवि शुक्ल भी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्होंने जहां मीडिया की दुनिया में अवसरों के बारे में बताया, वहीं जीवन में भाषा की महत्ता पर भी बात की। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि अकसर कुछ नया देखते ही हम उसके उपभोग के बारे में सोचने लगते हैं, लेकिन उसे बेहतर बनाने की ओर हमारा ध्यान नहीं जाता। हर प्रोडक्ट या सर्विस अलग–अलग जगहों पर सफल नहीं हो सकती, लेकिन तुलना करने पर हम हर जगह के बारे में बेहतर जान सकते हैं। फिर पहले से मौजूद आइडिया में जरूरी बदलाव कर कुछ नया सोच सकते हैं। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि अपनी रुचि की चीजों के बारे में खूब पढ़िए। कुछ नया सीखने को मिले, तो इसके बारे में लोगों से बातें कीजिए। वे क्या सोचते हैं, यह जानने की कोशिश कीजिए। मन में जो भी विचार आते हैं, उन्हें अमलीजामा पहनाने की कोशिश कीजिए। इनके नतीजे अच्छे न निकलें, तो घबराइए मत, क्योंकि इसके बाद ही अच्छे आइडिया भी आएंगे। बस आपको अपनी क्रिएटिव सोच बनाए रखनी है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्राओं सुश्री अक्षया अनिल कुमार, नंदिनी त्रिवेदी ने किया। कार्यक्रम में सहभागी विद्यार्थी में कीर्तना नायर, प्रज्वल राव, अफशीन शेक, आकाश, साईं सिद्धार्थ प्रमुख रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों ने भी सहभागिता की।

# अखिलेश यादव ने शुरू कर दी 2027 की तैयारी

## बोले- लोकसभा चुनाव में जनता ने भाजपा का अहंकार तोड़ा है

**शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय के डश्. राम मनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं, विधायकों और नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस लोकसभा में समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत हुई है।**



लखनऊ 14 जून (एजेंसी) समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव ने भारत की राजनीति को बदल दिया है। उन्होंने ऐलान करते हुए कहा कि अयोध्या जिले की फैजाबाद लोकसभा सीट से अवधेश प्रसाद की जीत से जनता ने नफरत की राजनीति को खत्म कर दिया है। हमें ऐतिहासिक जीत तो मिली है, लेकिन इस जीत से हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। उन्होंने साफ तौर पर कह दिया कि हमें 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी सेशुक्रवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय के डॉ. राम मनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं, विधायकों और नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस लोकसभा में समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत हुई है। चुनाव से पार्टी की ताकत बढ़ी है और नेताओं–कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि आगे विधानसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य पाने के लिए जहां हम सबको अपनी भाषा ठीक रखनी है वहीं सभी का सम्मान करना भी सीखना होगा। हमें जनता से जुड़े रहना है। जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है।यादव ने कहा कि जनता के सामने कोई नहीं टिक सकता है। चुनाव में जनता ने भाजपा का अहंकार तोड़ा है। भाजपा नेताओं को अब नींद नहीं आती है। एनडीए नकारात्मक–निगेटिव गठबंधन साबित हुआ जबकि पीडीए प्रगतिशील प्रोगेसिव गठबंधन रहा। समाजवादी पार्टी पीडीए–इंडिया गठबंधन ने संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ी। समाजवादी विचारधारा का संघर्ष बराबर जारी रहेगा। समाजवादी पार्टी की जीत की बधाई देने आये सैकड़ों लोगों ने श्री अखिलेश यादव से भेंट कर उन्हें जीत की हार्दिक बधाई दी। यशभारती सम्मानित पं0 हरिप्रसाद मिश्रा ने भी श्री अखिलेश यादव को स्वास्तिवाचन के साथ रक्षा सूत्र बांधा और उनके शतायु तथा यशस्वी होने की कामना की।

# मोदी जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली पहुंचे



रोमध्नयी दिल्ली, 14 जून (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए शुक्रवार सुबह इटली के अपुलिया पहुंचे, जहां उनके चर्चा में भाग लेने और उपस्थित विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने की संभावना है।श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह पहली विदेश यात्रा है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली पहुंचा हूं। विश्व नेताओं के साथ सार्थक बातचीत में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। हम साथ मिलकर वैश्विक मुद्दों को संबोधित करना चाहते हैं और बेहतर भविष्य के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करना चाहते हैं।"विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर कहा कि जी7 में प्रधानमंत्री के एजेंडे में आउटरीच सत्र में भाग लेना और अलग से वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करना शामिल है। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इटली के अपुलिया में ब्रिंडिसि हवाई अड्डे पर उतरे। एजेंडे में जी7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में भाग लेना और वैश्विक नेताओं के साथ सार्थक बातचीत शामिल है। एक एक्शन से भरपूर दिन आपका इंतजार कर रहा है!"प्रधानमंत्री ने अपने प्रस्थान से पहले 'एक्स' पर कहा, "मैं इटली में जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा। मैं साथी विश्व नेताओं से मिलने और हमारे ग्रह को बेहतर बनाने तथा लोगों के जीवन में सुधार लाने के उद्देश्य से कई मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं।"श्री मोदी 14 जून को आउटरीच सत्र में भाग लेंगे, जो एआई, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर पर केंद्रित होगा।विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने यहां एक विशेष ब्रीफिंग में कहा, "जी7 में भारत की नियमित भागीदारी स्पष्ट रूप से भारत की बढ़ती मान्यता और उन प्रयासों के योगदान की ओर संकेत करती है जो भारत शांति, सुरक्षा, विकास और संरक्षण सहित वैश्विक चुनौतियों को हल करने की कोशिश में लगातार कर रहा है।"

# पूर्वी नौसेना कमान के दौरे पर रक्षा मंत्री, जवानों का बढ़ाया हौसला



नई दिल्ली14 जून (एजेंसी) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की 14 जून, 2024 को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में पूर्वी नौसेना कमान की यात्रा, रक्षा मंत्री के रूप में उनके लगातार दूसरे कार्यकाल में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई। यह यात्रा, पद संभालने के बाद उनकी पहली बाहरी यात्रा थी, जिसने भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने और भारतीय नौसेना की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

अपनी यात्रा के दौरान, सिंह श्समुद्र में एक दिनश के लिए आईएनएस जलाश्व पर रवाना हुए, यह एक कार्यक्रम है जो नौसेना की परिचालन तत्परता और क्षमताओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ, पूर्वी नौसेना कमान वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर के साथ, सिंह ने कमान के विभिन्न जहाजों, पनडुब्बियों और विमानों द्वारा गतिशील संचालन देखा। इन ऑपरेशनों ने समुद्री खतरों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए भारतीय नौसेना की युद्ध क्षमता और तैयारियों को प्रदर्शित किया।पूर्वी बेड़े के अधिकारियों और नाविकों के साथ बातचीत करते हुए, सिंह ने भारतीय नौसेना की परिचालन तत्परता और हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में पहली प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में उसकी भूमिका की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (एसएजीएआर) के दृष्टिकोण के अनुरूप, शांतिपूर्ण और स्थिर इंडो–पैसिफिक क्षेत्र के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। सिंह ने दोहराया कि भारत यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ है कि क्षेत्र में कोई भी देश दूसरे देश का दमन न करे और मित्र देश सुरक्षित वातावरण में एक साथ प्रगति कर सकें।सिंह ने मार्च 2024 में साहसी बचाव अभियान पर प्रकाश डालते हुए भारतीय नौसेना के मानवीय प्रयासों की भी प्रशंसा की। इस ऑपरेशन के दौरान, नौसेना ने 23 पाकिस्तानी नागरिकों को सोमाली समुद्री डाकुओं से मुक्त कराया,

# गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की, 16 जून को उच्चस्तरीय बैठक बुलाई



नई दिल्ली 14 जून (एजेंसी) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर हमले समेत हाल में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को जम्मू–कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।शाह ने 16 जून को एक उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक भी बुलाई है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के शीर्ष अधिकारियों समेत अन्य लोग शामिल होंगे।सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्री को जम्मू–कश्मीर के हालात और वहां आतंकवादी घटनाओं के बाद उठाए गए कदमों से अवगत कराया गया। आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में रियासी, कठुआ और डोडा जिलों के चार स्थानों पर हमला किया है, जिसमें नौ तीर्थयात्रियों के अलावा एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई, जबकि सात सुरक्षाकर्मियों समेत अन्य लोग घायल हो गए।कठुआ जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए और उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद बरामद किया गया।

# रेलवे ने बुलेट ट्रेन के लिए स्वचालित वर्षा निगरानी प्रणाली अपनाई :अश्विनी वैष्णव



नयी दिल्ली14 जून (एजेंसी) रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि बुलेट ट्रेन सेवा का सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के लिए स्वचालित वर्षा निगरानी प्रणाली अपनाई गई है। अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "बुलेट ट्रेन सेवाओं के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए एक स्वचालित वर्षा निगरानी प्रणाली को अपनाया गया है। यह प्रणाली उन्नत उपकरण प्रणाली से सुसज्जित वर्षामापी यंत्रों का इस्तेमाल करके वर्षा पर वास्तविक समय वाले आंकड़े प्रदान करेगी। " बुलेट ट्रेन परियोजना कॉरिडोर का निर्माण कर रही नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के अनुसार ट्रैक रखरखाव केंद्र ट्रैक के पास स्थापित वर्षा गेज द्वारा उत्पन्न आंकड़ों की निगरानी करेगा। एनएचएसआरसीएल के एक अधिकारी ने कहा, "इन आंकड़ों को ट्रेन यातायात नियंत्रक के साथ साझा किया जाता है ताकि ट्रेन की गति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन की सलाह दी जा सके।" उन्होंने कहा, "चूंकि, ट्रेन 320 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलेगी, इसलिए इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर मिनट सावधानी बरती जा रही है।" रेल मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर बुलेट ट्रेन परियोजना के पहले चरण, गुजरात के सूरत और बिलिमोरा के बीच 50 किलोमीटर लंबे खंड के अगस्त 2026 तक पूरा होने की घोषणा की है। एनएचएसआरसीएल के अनुसार, बुलेट ट्रेन 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अपनी अधिकतम गति से चलेगी और 508 किलोमीटर की दूरी दो घंटे और 58 मिनट में तय करेगी,

# एनटीए में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी खामियां मिलीं तो जवाबदेही तय की जाएगी: धर्मेन्द्र प्रधान

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा, ''पिछले वर्षों में नीट के पाठ√क्रम में कटौती नहीं की गई थी। इस साल हमने प्रश्नों को राज्य बोर्ड के पाठ√क्रम के साथ भी जोड़ा है। कम पाठ√क्रम और उम्मीदवारों की अधिक संख्या ने भी प्रतिस्पर्धा को बढ़ाया और अंततः सर्वाधिक पर्सेंटाइल पाने वालों की संख्या में वृद्धि हुई।**



14 जून (एजेंसी) मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश से संबंधित राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर जारी विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं करेगी और यदि कोई गड़बड़ी पाई गई तो राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की जवाबदेही तय की जाएगी।जिन छह केंद्रों पर परीक्षा के प्रश्नपत्र गलत तरीके से वितरित किए गए थे और उम्मीदवारों को समय की बर्बादी के लिए कृपांक दिया गया था, उनके खिलाफ कार्रवाई के बारे में प्रधान ने कहा, "हर पहलू पर गौर किया जा रहा है। जवाबदेही तय की जाएगी और चूक की प्रकृति के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।''उन्होंने 'पीटीआई–भाषा' के एक सवाल के जवाब में कहा, "किसी भी परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनियमितता की कोई गुंजाइश नहीं है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर कोई गड़बड़ी पाई गई तो राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की जवाबदेही भी तय की जाएगी।"मंत्री की यह टिप्पणी तब आई है जब कांग्रेस ने नीट–यूजी परीक्षा के मुद्दे पर सरकार पर अपना हमला तेज कर दिया है और इस मामले पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं।

# प्रदूषित पानी सेवन से बीमारी-मौतों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग गंभीर

## डीएम सोनभद्र को आठ सप्ताह में कार्रवाई करने का दिया आदेश



लखनऊसंवाददाता। आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने सोनभद्र जिले के म्योरपुर ब्लॉक अंतर्गत विभिन्न गांवों में फ्लोराइड, मरकरी, आर्सेनिक व अत्यधिक आयरन युक्त प्रदूषित पानी पीने से विकलांगता और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त होकर अकाल मृत्यु होने के मामले में प्रशासनिक लापरवाही का मुद्दा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को प्रेषित पत्र के माध्यम से उठाया था। जिसे संज्ञान में लेते हुए केस संख्या 11051҈24҈69҈2024 दर्ज कर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सेक्शन ऑफिसर पंकज कुमार केसान ने जिलाधिकारी सोनभद्र को 8 सप्ताह में उचित कार्रवाई करने और कृत कार्यवाही से शिकायतकर्ता को अवगत कराने का आदेश दिया है। आइपीएफ के जिला संयोजक और शिकायतकर्ता कृपा शंकर पनिका द्वारा एनएचआरसी को प्रेषित पत्र में संज्ञान में लाया गया था कि म्योरपुर ब्लॉक में हालत बहुत बुरी है। पेयजल संकट गंभीर है और लोग आज भी बरसाती नालों, कच्चे कुओं, चुआड और रिहंद बांध के पानी को पीने के लिए मजबूर हैं। इससे लोगों की आए दिन मौतें हो रही हैं और डडियरा, रासपहरी, कुसम्हा, आश्रम जैसे तमाम में फ्लोरोसिस के कारण लोग विकलांग हो रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में आइपीएफ की टीम को डडियारा गांव के किए दौरें में एक ही परिवार के तीन सदस्य सगे भाई कपिल देव यादव 34 साल, किशुन देव यादव 31 साल पुत्र धर्मराज एवं उनकी मां मोहनी के फ्लोरोरिसिस के कारण विकलांग होने और इसी गांव की 13 वर्षीय बच्ची खुशबू पुत्री हुकुमचंद की आंखों की 80 फीसद रोशनी जाने का मामला पता चला था जिस पर कार्रवाई की मांग की गई थी। आइपीएफ जिला संयोजक कृपा शंकर पनिका ने बताया कि पूर्व में भी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के हस्तक्षेप पर प्रभावित गांवों में शुद्ध पेयजल के लिए आरओ प्लांट लगे थे और फ्लोरोसिस प्रभावित गांवों में हैंडपंपों के साथ वाटर फिल्टर प्लांट लगाए गए थे। लेकिन आज ज्यादातर आरओ प्लांट और फिल्टर प्लांट खराब पड़े हुए हैं। जिला प्रशासन, जल निगम और उत्तर प्रदेश शासन से बार–बार अनुरोध करने और प्रमुख अखबारों में खबरें प्रकाशित होने के बावजूद इनकी मरम्मत नहीं कराई गई। यहां तक कि आइपीएफ की शिकायत पर गई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी है माना है कि फ्लोरोसिस रिमूवल के लिए हैंडपंपों में लगे हुए प्लांट खराब पड़े हुए हैं, जिसके कारण लोगों को प्रदूषित पानी पीना पड़ रहा है। आगे कहा कि लोगों के विकलांग होने की जो हालत और अकाल मृत्यु की स्थिति पैदा हुई है जो जिला प्रशासन की प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। आगे कहा कि यह क्षेत्र आदिवासी व वनाश्रित बाहुल्य है। ग्रामीण इलाकों में बहुतायत आबादी गरीब है। क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं अपर्याप्त हैं और सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मानक के अनुसार विशेषज्ञ डाक्टर व ईसीजी, एक्स रे, अल्ट्रासाउंड, प्रमुख पैथोलॉजी जांचें आदि का भी अभाव है। परिणामस्वरूप गंभीर रूप से बीमारी की स्थिति में तमाम लोगों की इलाज के अभाव में मौतें होती रहती हैं। ऐसे में अब एनएचआरसी के हस्तक्षेप के बाद जिला प्रशासन को खराब पड़े आरओ प्लांट और फ्लोरोसिस रिमूवल प्लांट को तत्काल प्रभाव से ठीक कराना चाहिए, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करनी चाहिए और आम आदमी के जीवन की रक्षा करनी चाहिए।

# भीषण गर्मी को देखते हुए दादा मियाँ में शरबत का इंतजाम किया



शाह नबी रजा ट्रस्ट की जानिब से भीषण गर्मी को देखते हुए हर जुमे (शुक्रवार) को दरगाह हजरत ख्वाजा मुहम्मद नबी रजा शाह अलमारुफ दादा मियाँ में शरबत का इंतजाम किया जा रहा है। शाह नबी रजा ट्रस्ट की जानिब से समय समय पर इस तरह के प्रोग्रामों का आयोजन होता रहता है जैसे कि फ्री मेडिकल कैम्प, सर्दियों के कम्बल व गरम कपड़े बाँटना, गर्मी में शरबत की सबील का आयोजन करना, कई मौकों आस पास की बस्तियों में राहत सामग्री का वितरण आदि चीजें शामिल हैं। शाह नबी रजा ट्रस्ट पिछले कई सालों से यह सारे कामों को अंजाम दे रहा है जिससे काफी संख्या में लोगों की मदद हो रही है। ट्रस्ट के इन कामों से लोगों को बड़ा फायदा हो रहा है।

# यूपी में खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों के अधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी



लखनऊसंवाददाता। लोकसभा चुनाव खत्म होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाल में ही एक उच्च स्तरीय बैठक कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को तलब कर समीक्षा बैठक की। इस दौरान सीएम योगी ने राजस्व संबंधी मामलों में लापरवाही पर खासी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने तत्काल लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लेने और दो हफ्ते में रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राजस्व से जुड़े अधिकारी हरकत में आ गए हैं। इसी क्रम में राजस्व परिषद चेयरमैन रजनीश दुबे ने हाल ही में राजस्व से जुड़े मामलों की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व संबंधी कार्यों में लापरवाही पर राजस्व अफसरों, एडीएम, एसडीएम, नायाब तहसीलदार और तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने भी राजस्व संबंधी मामलों को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में लापरवाह अधिकारियों को फटकार लगाई और कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा वह जल्द ही राजस्व संबंधी मामलों में अनियमितता बरतने वाले जिलों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपेंगे, जिसके बाद इन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की बैठक में सामने आया कि राजस्व संबंधी मामलों के निपटारों में कई जिले फिसड्डी रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव ने पाया कि रियल टाइम खतौनी में कानपुर नगर, प्रयागराज, वाराणसी, चित्रकूट और बलरामपुर का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसी तरह वाराणसी, सोनभद्र, बलिया, मैनपुरी और गोरखपुर में खतौनी पुनरीक्षण एवं अंश निर्धारण का प्रतिशत काफी कम रहा है। इन जिलों में करीब 50 प्रतिशत ही अंश निधारण का कार्य हुआ है। स्वामित्व योजना के तहत घरौनी तैयार करने में गोरखपुर, प्रयागराज, बाराबंकी, जौनपुर और गाजीपुर में काफी धीमी गति से कार्य हो रहा है। मुख्य सचिव ने इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा राजस्व वादों के निस्तारण में महोबा, चित्रकूट, मुजफ्फरनगर, शामली और बागपत फिसड्डी रहे हैं। यहां आठ हजार से अधिक मामले लंबित हैं। बैठक में सामने आया कि राजस्व वाद के तहत धारा–24 (पैमाइश) में लखनऊ, प्रयागराज, अमरोहा, फतेहपुर और सहारनपुर का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसके साथ ही धारा–34 (नामांतरण) में कुशीनगर, सोनभद्र, रायबरेली, बलिया और अमेठी में पहले से सुधार हुआ है। लेकिन, निपटारे का प्रतिशत 95 से कम है। इसी तरह धारा–80 (कृषिक भूमि का गैर–कृषिक भूमि में परिवर्तन) के अयोध्या में 34, प्रतापगढ़ में 21, गोरखपुर में 12, कानपुर नगर में 10 और बाराबंकी में 7 मामले लंबित हैं। यह सभी मामले एक वर्ष से अधिक और तीन वर्ष से कम के हैं। इसे लेकर मुख्य सचिव जल्द ही पूरी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंप सकते हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री द्वारा लापरवाह अफसरों पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

# राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो बोनो क्लब को किया सम्मानित, रक्तदान को बढ़ावा देना जरूरी

लखनऊसंवाददाता। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्विद्यालय की प्रतिष्ठित संस्था प्रो बोनो क्लब को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा सम्मानित किया गया। किंग्स जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के ट्रांसफ्यूजन विभाग द्वारा आयोजित रक्तदाता सम्मान समारोह में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में क्लब की तरफ से क्लब के छात्र समन्वयक मनीष तिवारी व क्लब के सदस्य अनुराग यादव शामिल हुए। क्लब के संकाय प्रभारी डॉ. आलोक यादव ने बताया कि हमारा क्लब प्रत्येक वर्ष दो बार रक्तदान शिविर का आयोजन किंग्स जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के ट्रांसफ्यूजन विभाग के साथ मिलकर करता हैं। इसमें लगभग 150 यूनिट से ज्यादा स्वैच्छिक रक्तदान होता है। वहीं रक्तदान को बढ़ावा देना जरूरी है।

# निकायों में समस्त रिक्तपदों पर नियमित नियुक्तियां की जाये: वर्मा




लखनऊसंवाददाता। नगर निगम, कर्मचारी संघ, लखनऊ अध्यक्ष आनंद वर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी विभागों में रिक्ति पदों पर नियुक्तियां प्रदान किए जाने के आदेश पर माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा गया है कि आज के परिवेश के अनुरूप बड़ी हुई आबादी एवं बड़े हुए कार्यक्षेत्र के अनुसार सेवा आदेश–1962 में संशोधन करते हुए प्रदेश की निकायों में (सफाई कर्मचारी ध्चतुर्थ श्रेणी) संवर्ग सहित केंद्रीयत,अकेंद्रीयत सेवा के विभिन्न संवर्गो में रिक्त पदों पर नियमित नियुक्तियों किए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र के माध्यम से मांग की गई है। संघ अध्यक्ष आनन्द वर्मा ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र के माध्यम से सादर अनुरोध करते हुए कहा गया है कि प्रदेश की निकाय सेवा आदेश–1962 के अनुरूप संचालित की जा रही है। निकाय की आबादी एवं कार्यक्षेत्र वर्ष 1962 में सीमित थे। निकायो की आबादी एवं कार्य क्षेत्र का 62 वर्षों में अत्यधिक व्यापक रूप से विस्तार हुआ है जिस कारण आज के परिवेश के अनुरूप सेवा आदेश 1962 में संशोधन करते हुए निकायों की बड़ी हुई आबादी एवं बड़े हुए कार्य क्षेत्र, कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति उपरांत प्रदेश की निकायों में (सफाई कर्मचारी,चतुर्थ श्रेणी) संवर्गो सहित केंद्रीयत,अकेंद्रीयत सेवा के संवर्गो में अधिकांश रिक्त पद है, जिस पर कई वर्षों से नियमित नियुक्तियां ना होने के कारण उत्तर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजना का लाभ सरकार की मंशा के अनुरूप नागरिकों को सुगमता के साथ प्राप्त करने में तथा विभागीय कार्यों के संपादन में निकायों को अत्यंत ही कठिनाइयों का होना स्वाभाविक है। जिसके निदान की आवश्यकता है। आज के परिवेश के अनुरूप बड़ी हुई आबादी एवं बढ़े हुए कार्य क्षेत्र के अनुसार सेवा आदेश 1962 में संशोधन करते हुए (सफाई कर्मचारी, चतुर्थ श्रेणी) संवर्गों सहित केंद्रीयत,अकेंद्रीयत के विभिन्न संवर्गों में रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति करने का कष्ट करें। ताकि उत्तर प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजना का लाभ प्रदेश के निकाय प्रदेश के नागरिकों को और अधिक सुगमता के साथ प्रदान करने तथा विभागीय कार्य को भी और कुशलता के साथ करने में सफल हो सके। एवं सरकार की नेक मंशा को पूर्णरूपेण धरातल पर उतार सके।

# बौद्ध पर्यटन स्थलों की ब्राण्डिंग एवं मार्केटिंग कर आकर्षित किये जायें पर्यटक

**01 जुलाई से शुरू होगी आगरा-मथुरा हेलीकाप्टर सेवा**

**पर्यटन विभाग की कार्ययोजनाओं, कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता आवश्यक : जयवीर**

**मंत्री जयवीर सिंह ने की पर्यटन विभाग की समीक्षा**



लखनऊसंवाददाता। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बौद्ध सर्किट के अंतर्गत आने वाले पर्यटन स्थलों का राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मार्केटिंग एवं ब्राण्डिंग कराई जाए। जिससे अधिक से अधिक विदेशी एवं घरेलू पर्यटक इन स्थलों का भ्रमण कर सकें। उन्होंने कहा कि ब्राण्डिंग एवं मार्केटिंग में नवाचार को शामिल करते हुए और बेहतर क्या किया जा सकता है, इन संभावनाओं का भी पता लगायें। पर्यटन के क्षेत्र में असीमित अवसर एवं रोजगार के संसाधन हैं। इसका भरपूर लाभ उठाया जाना चाहिए। जयवीर सिंह आज यहां पर्यटन भवन के सभागार में पर्यटन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। पौराणिक स्थलों के इतिहास लेखन की समीक्षा करते हुए कहा कि इन स्थलों के इतिहास के साथ मुख्य द्वार के आसपास पत्थर के शिलालेख भी अंग्रेजी व हिन्दी में खुदवायें जाए, जिससे पर्यटक इन स्थलों के बारे में आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकें। बैठक में बताया गया कि 09 मण्डलों के विश्वविख्यात स्थलों का इतिहास लेखन किया जा चुका है। सोरों सूकर क्षेत्र, ऐरच जैसे अल्पज्ञात स्थल भी प्रदेश में मौजूद हैं। इतिहास लेखन के तथ्यों में पारदर्शिता एवं तथ्यात्मक विवरण के लिए विशेषज्ञों की समिति भी बनाई जाए, जो तथ्यों की जांच पड़ताल कर स्थानीय स्तर पर प्रचलित दंत–कथाओं को भी स्थान दे सकें। बौद्ध स्थलों पर थाईलैण्ड, लाओस, वियतनाम आदि देशों से भारी संख्या में पर्यटक आते हैं। इन स्थलों का प्रचार प्रसार करके लाभ उठाना चाहिए। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभाग में जो भी कार्ययोजना बनाई जाए अथवा कार्यक्रम कराये जाए, उसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करके उनके सुझाव प्राप्त किये जाए। पुरानी परम्परा से हटकर कार्यक्रमों में नयापन लायें और उसकी गुणवत्ता बढ़ायें। 01 जुलाई से मथुरा, आगरा हेलीकाप्टर सेवा हरहाल में शुरू कर दी जाए। इसके लिए 25 जून तक सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाये। इसका किराया आदि एवं दी जाने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में पर्यटकों को जानकारी दी जाए। चित्रकूट तथा मध्य प्रदेश से लगे इसके भाग में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार तथा यूपी के मध्य जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कराई जाए। चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए संचालित परियोजनाओं के बारे में जानकारी भी दी जाए। जयवीर सिंह ने यह भी निर्देश दिये कि प्रदेश में लगने वाले मेलों तथा उत्सवों एवं महोत्सवों के दौरान पर्यटन विभाग अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराये तथा विभिन्न माध्यमों से पर्यटकों को यूपी की ओर आकर्षित करने के लिए प्रयास करे। उन्होंने प्रदेश के 57 जनपदों में स्टाफ की कमी दूर करने के लिए आउटसोर्सिंग पर भर्ती करने के निर्देश दिये तथा उनके वेतन आदि के भुगतान के लिए धनराशि की व्यवस्था करने को कहा। इस अवसर पर राही पर्यटक आवास गृहों को पीपीपी मोड पर विकसित एवं संचालित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किये गये। समझौते के अनुसार राही पर्यटक आवासगृह संकिसा, फर्रूखाबाद तथा राही पर्यटक आवासगृह बिठूर, कानपुर में स्थित आवासगृहों का सौन्दर्यीकरण कराया जायेगा। इससे राज्य सरकार पर कोई व्यय भार नहीं आयेगा तथा सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी। समीक्षा बैठक में मौजूद प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि 10वॉं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को आयोजित किया जा रहा है। इसके दौरान पर्यटन स्थलों घाटों तथा जहॉं राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय होटलों में विदेशी पर्यटक ठहरते हैं, उनको भी इसमें शामिल किया जाए। होटल की लॉन एवं आस पास के पार्क में भी योग दिवस का आयोजन किया जा सकता है। 16 जून को गंगा दशहरा के अवसर पर आस्था से जुड़े घाटों पर प्रचार प्रसार कराया जाए। 01 जुलाई से न्याय संहिता लागू होगी, इसके तहत विभाग में मौजूद अधिनियमों को जनपरक बनाने के लिए तैयारी की जाए।

# कानपुर ही नहीं पूरे उप्र की जनता को भाजपाई मेयरों ने ठगा : अखिलेश यादव



लखनऊसंवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्मार्ट सिटी को लेकर कानपुर की मेयर पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी बनाने का कागजी काम भ्रष्टाचार का शिकार होकर कागजों में ही लटका है। उन्होंने कहा, कानपुर ही नहीं पूरे उप्र की जनता को भाजपाई मेयरों ने ठगा है। शुक्रवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कानपुर की मेयर का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, उप्र में भाजपा सरकार के 'हवाई दावों की हवा में उड़ती फाइल'। कानपुर मेयर का ये दिखावटी गुस्सा कितना सच है, जनता सब जानती है। कानपुर ही नहीं पूरे उप्र की जनता को भाजपाई मेयरों ने ठगा है। उन्होंने लिखा कि उप्र में स्मार्ट सिटी बनाने का कागजी काम भाजपाई भ्रष्टाचार का शिकार होकर कागजों में ही लटका है। स्मार्ट सिटी के नाम पर उप्र को बजबजाती नालियों, सरांध भरे नालों, गड्ढेयुक्त सड़कों–गलियों, जाम में फंसी सड़कों के अलावा अगर और कुछ मिला है तो वो है 'भाजपाई राजनीति' का वो प्रदूषण जो सारे ठेके अपने लोगों को लेन–देन के सौदे के बदले में देता है। इसलिए इनका काम न होने का क्रोध केवल दिखावा है। जनता ऐसे नाटक देख–देखकर त्रस्त हो चुकी है और अगले मेयर चुनाव में भाजपा के मेयरों को हराने–हटाने के लिए तैयार बैठी है। ज्ञात हो कि कानपुर की मेयर प्रमिला पांडेय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह गुस्से में एक अधिकारी पर फाइल फेंकती नजर आ रही हैं। साथ ही साथ अभियंताओं को फटकार लगाती भी दिख रही हैं। दरअसल, कानपुर नगर निगम ऑफिस में मेयर नाला सफाई एवं अन्य विषयों पर अधिकारियों की बैठक ले रही थीं। नाला सफाई में लापरवाही को लेकर मेयर ने बैठक के दौरान लापरवाही पर नाराजगी जताई।

# लखनऊ में 3 अधिकारियों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया

## रेलवे का स्क्रैप काटने के लिए आरपीएफ एएसआई ने मांगी थी रिश्वत




लखनऊसंवाददाता। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बहराइच में तैनात एक डाक सहायक, आलमबाग स्टोर डिपो के मुख्य डिपो अधीक्षक और उत्तर रेलवे में तैनातआरपीएफ के एक एएसआई यानी कुल 3 लोगों को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। तीनों को दो अलग–अलग मामलों अरेस्ट किया गया है। तीनों आरोपियों की पहचान आलमबाग स्टोर डिपो के डाक सहायक विनोद कुमार, मुख्य डिपो अधीक्षक अविरल कुमार और आरपीएफ एएसआई मनोज कुमार राय के तौर पर हुई है। तीनों के ठिकानों पर भी तलाशी ली गई है। सीबीआई ने 12 जून 2024 को यूपी के बहराइच जिले में नानपारा लेखा कार्यालय में तैनात डाक सहायक विनोद कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि डाक सहायक विनोद कुमार ने एक मामले के निपटारे के लिए शिकायतकर्ता से 2 लाख रुपए की रिश्वत मांगी है। 20 हजार रुपए अग्रिम भुगतान की बात तय हुई। मुकदमा दर्ज करने के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को शिकायतकर्ता से रिश्वत के आंशिक भुगतान के रुप में 20 हजार रुपए लेते हुए यह गिरफ्तारी की गई। आरोपी को सीबीआई कोर्ट नंबर–2 में पेश किया जाएगा। आरोपी के बहराइच स्थित ठिकाने पर भी तलाशी ली गई है। उत्तर रेलवे के आलमबाग डिपो के सीडीएमएस अविरल कुमार और आरपीएफ के एएसआई मनोज कुमार राय के खिलाफ 13 जून 2024 को केस दर्ज किया गया।सीबीआई की मानें तो उन पर रेलवे डिपो से खरीदे गए स्क्रैप को काटने, उठाने की अनुमति के लिए एक बार 12 हजार 800 रुपए और दूसरी बार 8 हजार 200 रुपए जुर्माना मांगा गया।

# तबादले में वरिष्ठता प्रभावित होने से शिक्षक नहीं ले रहे रुचि

## अफसरों ने भी समाधान का नही निकाला रास्ता

लखनऊसंवाददाता। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से नगर क्षेत्र के विद्यालयों में वर्ष 2010–11 व 2016–17 में रिक्त पद भरने के प्रयास किए गए लेकिन स्थानांतरण में वरिष्ठता के प्रावधान के चलते शिक्षकों ने कोई रुचि नहीं दिखाई। अधिकारियों ने भी इस संबंध में अपेक्षित प्रयास नहीं किए।नगर क्षेत्र में दिसंबर 2010 में तत्कालीन विशेष सचिव की ओर से समायोजन का आदेश जारी किया गया। इसमें खाली पदों के सापेक्ष 50 फीसदी पदों को संबंधित जिलों के ग्रामीण क्षेत्र से भरना था। किंतु आदेश में कहा गया था, चूंकि शिक्षकों के ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र के संवर्ग अलग–अलग हैं। ऐसे में ग्रामीण से नगर में आने वाले सहायक अध्यापक कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से कनिष्ठतम माने जाएंगे और वरिष्ठता सूची में नाम, योगदान व जन्मतिथि कीवरिष्ठता के आधार पर जोड़े जाएंगे। इस प्रक्रिया में वरिष्ठता प्रभावित होने से शिक्षकों ने ज्यादा रुचि नहीं दिखाई। दिसंबर 2016 में विभाग के सचिव ने नगर महापालिका,नगर पंचायत में प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापकों के पदों पर ग्रामीण से नगर में विकल्प के आधार पर समायोजन का आदेश जारी किया। इसमें भी वहीं नियम जुड़ने से काफी कम शिक्षक आने को राजी हुए। इसका असर नगर क्षेत्र के स्कूलों की बदहाली के रूप में बढ़ता रहा। शिक्षकों का कहना है कि विभाग नियमावली में आंशिक संशोधन कर वरिष्ठता प्रभावित न होने का निर्णय ले तो समाधान हो सकता है। आज नगर क्षेत्र का एचआरए व सीसीए बेहतर है, ऐसे में कोई भी शिक्षक आने को तैयार है। किंतु अधिकारी ही रुचि नहीं ले रहे हैं।प्रदेश के कई जिलों में हाल के वर्षों में नगरीय सीमा का विकास हुआ। निकायों के सीमा विस्तार होने के बाद ग्रामीण क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय नगर क्षेत्र में आ गए किंतु यह स्कूल आज भी कागज में ग्रामीण क्षेत्र में बने हैं। कुछ जिलों के स्कूलों को नगर निगम व पार्षद ने गोद लिया है। फरवरी में ऐसे विद्यालयों के जानकारी नगर विकास विभाग ने मांगी है, किंतु बाराबंकी, बिजनौर, गोरखपुर व महराजगंज के अलावा किसी जिले ने इसकी सूचना नहीं दी।सामान्य शिक्षक अपनी वरिष्ठता से समझौता करके नगर क्षेत्र में नहीं आएंगे किंतु परस्पर तबादले में जो भी शिक्षक कार्यमुक्त होकर आ रहे हैं, उनकी वरिष्ठता वैसे भी नए जिले में शून्य हो जाएगी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष निर्भय सिंह कहते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र में पांच साल सेवा कर चुके शिक्षकों को नए स्थानांतरित जिले के नगर क्षेत्र में तैनाती देकर समाधान निकाला जा सकता है। निदेशक बेसिक शिक्षा विभाग प्रताप सिंह बघेल कहते हैं कि हम विस्तारित नगरीय सीमा में आए ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों को शामिल करेंगे।

# बढ़ी गर्मी की छुट्टियां, 28 जून तक बंद रहेंगे स्कूल

लखनऊसंवाददाता। यूपी में चिलचिलाती गर्मी पड़ रही है। जहां दिन में पारा 45 डिग्री के पार जा रहा है। वहीं रात को भी गर्म हवाओं ने परेशान कर दिया है। भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां बढ़ा दी गई है। जहां कक्षा आठ तक के लिए 28 जून तक स्कूल बंद रहेंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षक संगठनों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ाने की मांग की थी। वहीं गर्मियों को देखते छुट्टियां बढ़ाने से बच्चों को आराम मिलेगा। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने गुरूवार को सीएम और प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा को भेजे पत्र भेजा था।

# आपराधिक आरोपों के प्रत्याशियों से किसी दल को गुरेज नहीं



योगेंद्र योगी ।

राजनीतिक दलों का एकमात्र उद्देश्य सिर्फ सत्ता प्राप्त करना रह गया है। इसके लिए बेशक संगीन अपराधों के आरोपियों को ही टिकट देकर क्यों न जिताना पड़े। अपराध के आरोपियों को टिकट देने के लिए राजनीतिक दल जितने जिम्मेदार हैं, उतने ही उन लोकसभा क्षेत्रों के मतदाता भी जिम्मेदार हैं।

राजनीतिक दलों में चाहे जितने भी वैचारिक और सैद्धान्तिक मतभेद हों किन्तु एक मुद्दे पर देश के सभी राजनीतिक दलों में मौन सहमति है। यह चुप्पी है आपराधिक पृष्ठभूमि के सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों के चुने जाने को लेकर। लोकसभा चुनाव के दौरान किसी भी राजनीतिक दल ने लोकतंत्र की पवित्रता को बचाए रखने के लिए आपराधिक रिकार्ड वाले प्रत्याशियों को दरकिनार करना तो दूर बल्कि सत्ता का समीकरण बिठाने के लिए बढ़–चढ़ कर टिकट दिए। सत्ता का स्वार्थ इस कदर हावी है कि इस मुद्दे पर कोई चर्चा तक करना नहीं करना चाहता। यही वजह रही कि लोकसभा के चुनाव में अपराध और राजनीति चुनावी मुद्दा नहीं बन सका। राजनीतिक मंचों से दलों ने एक–दूसरे पर कई तरह के आरोप लगाए पर आपराधिक आरोपों के नेताओं को टिकट देने के मामले में सब के सब मौन रहे। 18वीं लोकसभा चुनाव में कुल 543 सीटों में से 251 नवनिर्वाचित सांसद ऐसे हैं, जिन के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। हत्या, बलात्कार, लूट और डकैती जैसे अपराध के गंभीर आरोपों से नेताओं का दामन दागदार है। ऐसे में देश में अपराध और भय से मुक्ति दिलाने की सिर्फ कल्पना ही की जा सकती है। आपराधिक आरोपों के विजयी उम्मीदवारों में भारतीय जनता पार्टी सबसे आगे है। भाजपा के 240 विजयी उम्मीदवारों में से 63 सांसदों पर हर तरह मामले विचाराधीन हैं। कांग्रेस के 99 विजयी उम्मीदवारों में से 32 सांसदों, सपा के 37 विजयी उम्मीदवारों में से 17 सांसदों और तृणमूल कांग्रेस के 29 विजयी उम्मीदवारों में से 7 सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। लोकसभा चुनाव में 170 विजयी उम्मीदवारों ने बलात्कार, हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध आदि से संबंधित मामलों सहित गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। अपराधी छवि के जीतने वाले उम्मीदवारों की संख्या बढ़ती जा रही है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में 539 सांसदों में से 233 सांसदों ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले घोषित किये थे। इनमें से 159 सांसदों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पिछली लोकसभा में जहां कुल सदस्यों के 43 फीसदी अर्थात 233 सांसदों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे थे, तो अब नई 18वीं लोकसभा में 46 फीसदी के साथ ये संख्या 251 हो गई है। इसमें तीन फीसदी का इजाफा हो गया है, लेकिन 2009 से मुकाबला करें तो 15 साल में इसमें 55 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस लोकसभा में 170 गंभीर आरोपियों में 27 सांसद सजायाफ्ता हैं, वहीं, 4 पर हत्या के मामले हैं. 15 सांसदों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के इल्जाम हैं, जिनमें से 2 पर रेप का आरोप है। अपराधी पृष्ठभूमि वाले 43 सांसद हेट स्पीच के आरोपी हैं।

वोट बैंक की राजनीति इस हद तक नीचे गिर गई है आपराधिक कृत्यों के आरोपों में न तो प्रत्याशी में कोई शर्म बाकी रह गई और न ही राजनीतिक दलों में। दूसरे शब्दों में कहें तो राजनीतिक दलों में सत्ता की प्रतिस्पर्धा से अपराधी छवि वाले प्रत्याशी जीत कर देश और राज्यों को चलाने के लिए संसद और विधानसभाओं तक पहुंच रहे हैं। लोकतंत्र में शुचिता और पारदर्शिता की मिसाल पेश करने के बजाए नेता और राजनीतिक दल उल्टी गंगा बहा रहे हैं। सार्वजनिक तौर बिना झिझक माफियाओं से गलबहियां डालना और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने पर नेताओं के संवेदना दिखा कर वोट बटोरने का प्रयास करने का सिलसिला जारी है। सोशल मीडिया की जागरुकता के इस दौर में यह प्रवृत्ति कांग्रेस और भाजपा में कम नजर आती है, किन्तु अन्य दलों में जरा भी लोकलाज नहीं बची है। उत्तर प्रदेश में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई की हत्या पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ऐसे दुर्दांत अपराधियों के खात्मे के बजाए उल्टे आरोप लगाए। यादव ने ट्वीट किया था कि उत्तर प्रदेश में अपराध की पराकाष्ठा हो गयी है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। सपा सांसद रहे दिवंगत डॉ शफीकुर्रहमान बर्क ने इस माफिया के अपराधी भाई अतीक अशरफ के पुलिस एनकाउंटर में मारे जाने पर ट्वीट कर कहा था कि देश में कोर्ट कचहरी और थानों में ताले लग जाने चाहिए। कानून–व्यवस्था को मिट्टी में मिला दिया। उत्तर प्रदेश के ही माफिया मुख्तार अंसारी की बीमारी से हुई मौत को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश ने मुस्लिमों की संवेदनाएं बटोरने और उन्हें उकसाने में कसर नहीं छोड़ी। अंसारी के परिवार की मिजाजपुर्सी के लिए पहुंचे अखिलेश ने कहा था परिवार का दुख बांटने और जो घटना हुई है वो शॉकिंग थी सबके लिए। यादव ने अंसारी के आपराधिक कृत्यों पर पर्दा डालते हुए कहा था कि जो व्यक्ति इतने वर्षों जेल रहा हो और उसके बाद भी जनता जिता रही हो तो इसका मतलब परिवार और उस व्यक्ति ने जनता का दुख दर्द बांटा है। अंसारी के खिलाफ 60 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे। बाहुबली अतीक अहमद और शहाबुद्दीन का नाम लेकर वोट की अपील करने पर मुकदमा दर्ज होने से बौखलाए यूपी की संभल सीट पर सपा की टिकट पर सांसद चुने गए जियाउर्रहमान बर्क ने मंच से चुनाव आयोग और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को धमकी भरे तेवर दिखाए थे। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोग आचार संहिता का उल्लंघन करें तो कोई कुछ नहीं कहता, लेकिन हम दायरे में रहकर भी सही बात करें तो मुकदमा दर्ज कर देते हैं। जियाउर्रहमान ने मंच से ही चुनाव आयोग और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से धमकी भरे अंदाज में कहा था कि याद रखना हमेशा एक जैसे दिन नहीं रहते हैं क्योंकि कभी दिन बड़ा होता है तो कभी रात बड़ी होती है, लेकिन जिस दिन वक्त बदलेगा तो हम इन चीजों को भूलने वाले नहीं हैं। उत्तर प्रदेश की तरह बिहार में भी आपराधिक रिकार्डधारी आरोपियों और उनके परिवार के सदस्यों को गले लगाने के लिए राजनीतिक दल आतुर रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में बिहार में पांच बाहुलियों ने अपनी पत्नियों को मैदान में उतारा था, इनमें तीन को हार का सामना करना पड़ा। जबकि दो को जीत मिली। हत्या के मामले में दोषी और डॉन आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद ने जेडीयू के टिकट पर शिवहर चुनाव जीता है। सिवान से जेडीयू के टिकट पर चुनाव जीतने वालीं विजयलक्ष्मी देवी बाहुबली नेता रमेश सिंह कुशवाहा की पत्नी हैं। रमेश का ताल्लुक से माओवादी संगठन से सम्बद्ध सीपीआई एमएल से रहा है और शिवजी दुबे हत्याकांड में जेल भी जा चुके हैं। राजनीतिक दलों का एकमात्र उद्देश्य सिर्फ सत्ता प्राप्त करना रह गया है। इसके लिए बेशक संगीन अपराधों के आरोपियों को ही टिकट देकर क्यों न जिताना पड़े। अपराध के आरोपियों को टिकट देने के लिए राजनीतिक दल जितने जिम्मेदार हैं, उतने ही उन लोकसभा क्षेत्रों के मतदाता भी जिम्मेदार हैं। मतदाता जात–पांत, धर्म, ऊंच–नीच और प्रचार के दौरान किसी न किसी रूप में फायदा मिलने के लालच में ऐसे प्रत्याशियों को जिताने में पीछे रहते है। हालांकि विगत में होने वाले चुनावों में बाहुबली और माफियाओं के चुनाव जीतने की कहानी अब भले ही इतिहास हो चुकी है पर पूरी तरह से सफाई नहीं हुई है। माफियाओं के लिए बदनाम रहे उत्तर प्रदेश और बिहार में काफी हद इनका खात्मा हो चुका है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में आपराधिक पृष्ठभूमि के नेताओं का चुनाव जीतना इस बात का द्योतक है कि देश में विशुद्ध तौर पर लोकतंत्र आने में अभी दशकों का वक्त लगेगा।

## सम्पादकीय

### विष्णु देव साय सरकार के छह माह

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन के ट्रैक पर छत्तीसगढ़ ने फिर से विकास की रफ्तार पकड़ ली है। बीते छह माह पर नजर डाले तो साय सरकार ने किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए बहुत कम समय में ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए वर्ष 2047 तक विकसित–छत्तीसगढ़ का निर्माण के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विजन डाक्यूमेंट तैयार करने का काम भी शुरू कर दिया गया है।

विधानसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ के लोगों को गारंटी दी थी कि छत्तीसगढ़ में लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि के लिए सुशासन की स्थापना की जाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक अलग सुशासन और अभिसरण विभाग का गठन किया है। यह विभाग कल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन, उपलब्ध संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग और जन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए काम कर रहा है। सभी विभागों को सुशासन के लिए अधिक से अधिक आईटी का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की निगरानी और समीक्षा के लिए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर 2023, सुशासन दिवस पर अटल मॉनिटरिंग पोर्टल का शुभारंभ किया गया है।

साय सरकार ने आवासहीन और जरूरतमंद 18 लाख परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, 13 लाख से अधिक किसानों को धान की बोनस राशि, 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी, महतारी वंदन योजना में 70 लाख से अधिक गरीब परिवारों की महिलाओं को हर माह एक–एक हजार रूपए देने जैसे अनेक निर्णयों पर क्रियान्वयन किया है। राज्य के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में माओवाद उन्मूलन के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नियद नेल्लानार योजना शुरू की गई है। महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, रामलला दर्शन योजना, उद्यम क्रांति योजना जैसी कई अभिनव योजनाओं की शुरूआत हुई है। लोकतंत्र सेनानियों (मीसा बंदियों) की सम्मान निधि फिर से शुरू कर दी गई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 13 जून से सभी विभागों में प्रशासनिक कसावट लाने के लिए समीक्षा बैठक लेने का सिलसिला शुरू कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि जन कल्याणकारी कार्यक्रम का क्रियान्वयन, पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता रखें। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा है कि आम नागरिकों की दिक्कतें दूर करने के लिए संवेदनशील होकर कार्य करें। लोकसभा निर्वाचन के बाद अब शासन की योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार लगातार तेजी से काम कर रही है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना जैसी अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन

# महाराष्ट्र में सियासी उथल-पुथल



ehाराष्ट्र में लगभग पांच साल से राजनीतिक उठा–पटक चल रही है। इसके चलते काफी बदलाव देखने को मिले। भाजपा और शिवसेना ने मिलकर 2019 में विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर विवाद शुरू हुआ। उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के साथ मिलकर सरकार बनायी जो आधा कार्यकाल ही पूरा कर पायी। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के विधायक अलग हुए और भाजपा के सहयोग से सरकार बनायी। इसके बाद शरद पवार की पार्टी एनसीपी में भी बिखराव हुआ और शरद के भतीजे अजीत पवार कई विधायकों को लेकर एकनाथ शिंदे की सरकार में शामिल हो गये। इस प्रकार की सियासी उथल–पुथल के बीच 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य की जनता ने दल–बदलुओं को नकार दिया। इसके बाद भी दल–बदल के प्रयास जारी हैं। शिदे गुट के सांसद प्रताप राव जाधव को आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री का प्रभार दिया गया है। जाधव दावा कर रहे हैं कि उद्धव गुट के संसद उनके संपर्क में हैं। वह कहते हैं कि जिस दिन उद्धव गुट के चार से पांच सांसद खुलकर उनके साथ आ जाएंगे, उन्हें शिंदे गुट अपने साथ ले लेगा। हालांकि केन्द्रीय मंत्रिमंडल से शिंदे सरकार की नाराजगी भी जाहिर हो चुकी है। मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में अजीत पवार शामिल नहीं हुए थे। इसके साथ ही मोदी ने प्रताप राव जाधव से यूं ही नहीं कहा था कि आपको पूरे देश में काम करने का मौका मिला है तो जमीन पर पैर रखकर काम कीजिएगा। लोगों के बीच जाइए और पूरी लगन से काम कीजिए। ये सभी हालात इसलिए ज्यादा महत्वपूर्ण हैं क्योंकि कुछ महीने के भीतर ही महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने हैं। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के 24 अक्टूबर 2019 में घोषित नतीजों के अनुसार भाजपा को 105, शिवसेना को 56, एनसीपी की 54 और कांग्रेस को 14 विधायक मिले थे।

लोकसभा में हार के बाद महाराष्ट्र में बीजेपी समर्थित शिव सेना (शिंदे) सरकार के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि 400 पार के नारे ने डर पैदा कर दिया कि इसके बाद संविधान बदल दिया जाएगा और आरक्षण खत्म हो जाएगा। जब लोकसभा के चुनाव परिणाम आए और बीजेपी को 63 सीटें घटकर कुल 240 सीटें ही मिलीं तो ये कहा जाने लगा था कि 400 पार के नारे ने फायदा की बजाए नुकसान पहुंचाया। इसने चुनावों के सारे समीकरणों को बदलकर रख दिया। सबसे बड़ी चिंता अब यही है कि कुछ महीने बाद महाराष्ट्र समेत जब 04 राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे तो क्या ये नारा फिर नुकसान पहुंचाएगा। महाराष्ट्र में भाजपा की सीटें 2019 में जीती गई 23 सीटों से घटकर मात्र 09 रह गईं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना ने 07 सीटें जीतीं, जबकि अजित पवार की एनसीपी को केवल एक सीट मिली। इससे राज्य की 48 सीटों में से एनडीए की कुल सीटें घटकर 17 रह गईं। इसके विपरीत, 2014 में शिवसेना–भाजपा गठबंधन ने 43 सीटें हासिल की थीं।

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के नतीजे सभी को हैरान करने वाले आए हैं। ऐसे में जीतने और हारने वाले उम्मीदवार तरह–तरह के राज खोलने लगे हैं। इसमें बीड संसदीय सीट का नाम मुख्य रूप से लिया जा रहा है। हाल ही में महाराष्ट्र में बीड लोकसभा का परिणाम घोषित किया गया। यहां से शरद पवार गुट के नवनिर्वाचित सांसद बजरंग सोनवणे ने सनसनीखेज दावा किया है। राष्ट्रवादी शरद पवार गुट के सांसद बजरंग सोनवणे ने कहा है कि उनकी जीत में बीड जिले के संरक्षक मंत्री धनंजय मुंडे और विधायक सुरेश दास की भूमिका थी। धनंजय मुंडे एनसीपी प्रमुख अजित पवार के खास हैं। इससे बीड के राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। सोनवणे ने कहा कि उनकी जीत का श्रेय बीड जिले के लोगों को जाता है। हालांकि, मैं बीड जिले के दो लोगों को विशेष धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरी जीत में बीड जिले के संरक्षक मंत्री धनंजय मुंडे का भी योगदान है। बजरंग सोनवणे ने कहा है कि आदरणीय सुरेश धास से भी बड़ा सहयोग मिला। बीड से भाजपा की ओर पंकजा मुंडे उम्मीदवार थीं। वह दिवंगत केंद्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे की बेटी हैं। बीते 2019 में चुनाव में यहां से उनकी बहन प्रीतम मुंडे विजयी हुई थीं। इस चुनाव में उन्हें उम्मीद थी कि गठबंधन में होने की वजह से उनके चचेरे भाई और एनसीपी नेता धनंजय मुंडे का साथ मिलेगा। एनसीपी में फूट के बाद बजरंग सोनवणे ने अजित पवार के गुट का समर्थन किया था। लोकसभा चुनाव से पहले वह अजित पवार गुट में थे लेकिन जैसे ही चुनाव की घोषणा हुई, वह शरद पवार के साथ आ गए। बीड की बैठक में अजित पवार ने उनकी कड़ी आलोचना की थी। अनुमान लगाया जा रहा था कि बीड की लड़ाई एकतरफा होगी। उन्होंने बजरंग सोनावणे को गलत ठहराया था। बहुत कम समय बचा था तो उन्होंने चुनाव प्रचार शुरू कर दिया। शरद पवार गुट और महाविकास अघाड़ी ने उन्हें मजबूत ताकत दी। देखा गया कि मराठा आरक्षण मुद्दे से उन्हें काफी फायदा हुआ।

इस प्रकार कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी ने शानदार वापसी की है लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का हिस्सा रही शिवसेना उद्धव गुट का प्रदर्शन भी बहुत अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में सूत्रों के हवाले लगातार खबरें आ रही है कि इस नतीजे से उद्धव ठाकरे संतुष्ट नहीं हैं। उनको केवल नौ सीटों पर जीत मिली है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने एक निर्दलीय को मिलाकर अपने 14 सांसद कर लिये हैं। उद्धव ठाकरे के कमजोर पड़ने और कांग्रेस को मिली ताकत की वजह से यहां खटपट शुरू हो गई है। राज्य में शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव होने हैं, लेकिन इस चुनाव से पहले महाविकास अघाड़ी में तकरार देखने को मिल रहा है। महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन ही महाविकास अघाड़ी है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने मांग की है कि ठाकरे समूह नासिक शिक्षक और कोंकण स्नातक सीट से अपने उम्मीदवार वापस ले ले। सूत्रों ने जानकारी दी है कि कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर उम्मीदवार वापस नहीं लिए गए तो कांग्रेस मुंबई शिक्षक पद के उम्मीदवार को बरकरार रखेगी। इसलिए विधान परिषद चुनाव को लेकर कांग्रेस और शिवसेना उद्धव गुट के बीच तकरार खुलकर सामने आ गई है। इस बीच, शिवसेना ठाकरे पार्टी के नेता अंबादास दानवे ने भी विधान परिषद उम्मीदवारों पर प्रतिक्रिया दी है। इन चार निर्वाचन क्षेत्रों में शिवसेना ठाकरे ने नामांकन दाखिल किया है। हम कांग्रेस के साथ सौहार्दपूर्ण समाधान पर बातचीत करेंगे। पार्टी में एक व्यवस्था है, जिसके मुताबिक संवाद किया जाएगा। अंबादास दानवे ने कहा है कि पारंपरिक तरीके से जिन चार सीटों की घोषणा की गई है, वहां कांग्रेस का प्रभाव कम है। इससे पहले सांगली लोकसभा सीट को लेकर कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के बीच विवाद अभी जारी है। उद्धव ठाकरे द्वारा सीधे सांगली लोकसभा उम्मीदवार की घोषणा किए जाने पर कांग्रेस नेताओं ने खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की थी।

# Jammu-Kashmir में सुरक्षा के लिए कई नई चुनौतियां उभरते देख मोदी ने जो फैसला किया है उसका बड़ा असर होने वाला है





नीरज कुमार दुबे ।

जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद वहां शांति स्थापित हुई लेकिन उस शांति में खलल डालने के प्रयास जब तब होते रहते हैं इसलिए माना जा रहा है कि मोदी सरकार राज्य के हालात को संभालने के लिए जल्द ही कोई बड़ा कदम उठा सकती है। जम्मू–कश्मीर में पाकिस्तान की ओर से आतंक को बढ़ावा दिये जाने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के साथ एक बैठक कर केंद्र शासित प्रदेश के सुरक्षा हालात की समीक्षा की और आतंक रोधी क्षमताओं के पूर्ण इस्तेमाल का निर्देश दिया है। इसके बाद माना जा रहा है कि जम्मू–कश्मीर में चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के बंदोबस्त पहले की तरह दिखाई दे सकते हैं। इस बीच, कश्मीर में 'लिक्विड आईईडी' एक बड़े खतरे के रूप में सामने आता दिख रहा है जिससे सुरक्षा बलों की चिंता बढ़ गयी है। सुरक्षा बल इसलिए भी चिंतित हैं क्योंकि आतंकवादियों को स्थानीय स्तर पर पनाह और अन्य प्रकार का समर्थन मिल जा रहा है। इसके अलावा एक अन्य दिक्कत यह है कि सुरक्षा बल यदि गांव वालों से पूछताछ कर रहे हैं या संदिग्धों को हिरासत में ले रहे हैं तो विपक्ष इसे लोगों को परेशान करने की कवायद बताकर इसका विरोध कर रहा है। जम्मू–कश्मीर में जल्द ही अमरनाथ यात्रा शुरू होनी है और अक्टूबर से पहले वहां राज्य विधानसभा के चुनाव भी कराये जाने हैं, ऐसे में सुरक्षा हालात को तत्काल दुरुस्त करना बेहद जरूरी हो गया है। मोदी ने की सुरक्षा हालात की समीक्षा जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद वहां शांति स्थापित हुई लेकिन उस शांति में खलल डालने के प्रयास जब तब होते रहते हैं इसलिए माना जा रहा है कि मोदी सरकार राज्य के हालात को संभालने के लिए जल्द ही कोई बड़ा कदम उठा सकती है। जहां तक प्रधानमंत्री की ओर से की गयी बैठक की बात है तो आपको बता दें कि तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस पर हमले सहित जम्मू एवं कश्मीर में हाल के दिनों में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के बाद गुरुवार को केंद्र शासित प्रदेश की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गयी और अधिकारियों को 'आतंकवाद रोधी क्षमताओं का पूर्ण इस्तेमाल' करने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य अधिकारी मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की गई और सुरक्षा बलों की तैनाती और आतंकवाद विरोधी अभियानों पर चर्चा की गई। मोदी ने जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और केंद्र शासित प्रदेश में स्थिति का जायजा लिया। उपराज्यपाल सिन्हा ने उन्हें स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में प्रधानमंत्री को क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी स्थिति और वहां चलाए जा रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों से अवगत कराया गया।इस बीच, जम्मू–कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने पाकिस्तान पर अपने भाड़े के सैनिकों के जरिये यहां का शांतिपूर्ण माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि भारतीय सेना दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। स्वैन ने ष्दुश्मन एजेंटोंष् को चेतावनी दी कि वे आतंकवाद का समर्थन करने के अपने फैसले पर पछताएंगे। उन्होंने यह भी कहा, ''उनके (ऐसे एजेंटों के) पास परिवार, जमीन और नौकरियां हैं, जबकि पाकिस्तानी आतंकवादियों के पास खोने के लिए कुछ नहीं है।'' डीजीपी ने रियासी जिले में संवाददाताओं से कहा, ष(जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद का) प्रारंभिक बिंदु सीमा पार है। विरोधी पक्ष का स्पष्ट इरादा यह है कि यदि वे कश्मीर में शांतिपूर्ण माहौल बिगाड़ने के लिए स्थानीय लोगों को विध्वंसक गतिविधियों के लिए प्रेरित नहीं कर सकते, तो पाकिस्तानियों को वहां भेजकर उनकी भर्ती करें और उन्हें जबरन इस दिशा में धकेलें।'' पुलिस प्रमुख ने कहा, ''दुश्मनों के एजेंट पैसे और नशीले पदार्थों के लिए ऐसा (विदेशी आतंकवादियों की मदद) कर रहे हैं। उनकी पहचान की जाएगी और उनसे सख्ती से निपटा जाएगा। हम उन्हें चेतावनी देना चाहते हैं कि (विदेशी) आतंकवादी मारे जाएंगे... लेकिन जो लोग उनका समर्थन कर रहे हैं, उन्हें पछताना पड़ेगा।'' उन्होंने कहा कि विदेशी आतंकवादियों के पास कोई नहीं है, चाहे उनके बच्चे हों या नहीं। उन्होंने कहा, ''हमें नहीं पता कि वे जेलों से उठाकर किसे यहां भेज रहे हैं, लेकिन जो लोग उनका (आतंकवादियों का) यहां समर्थन कर रहे हैं, उनके पास यहां जमीन, बच्चे और नौकरियां हैं और उन्हें नुकसान उठाना होगा।'' स्वैन ने कहा कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर के बीहड़ इलाकों का इस्तेमाल करना चाहता है ताकि वह विदेशी आतंकवादियों को जंगलों में भेजकर शांतिपूर्ण माहौल बिगाड़ सके। उन्होंने कहा, ''यही सच है।''हालांकि, उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल शांति बनाए रखने और जम्मू–कश्मीर से आतंकवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित और वचनबद्ध हैं। उन्होंने कहा, ''हमारा जवाब क्या होगा? हम छोटे नुकसान के लिए तैयार हैं, क्योंकि जब हम पर युद्ध थोपा जाता है और आतंकवादी हमें मारने या मरने के लिए हमारे सामने खड़े होते हैं, तो हम अपने सभी संसाधनों का इस्तेमाल करते हैं और हमारा प्रयास मुंहतोड़ जवाब देना होता है। चूंकि उनके पास परवाह करने वाला कोई नहीं है, इसलिए नुकसान पहुंचाने की उनकी शक्ति अधिक प्रतीत होती है।ष उन्होंने कहा कि आतंकवाद ने 1995 में जम्मू क्षेत्र, खासकर डोडा और रामबन में अपने पैर पसारे, लेकिन 2005 तक यह पूरी तरह से खत्म हो गया। उन्होंने कहा, ष्अगर हम इसी तरह की चुनौती का सामना करते हैं, तो निश्चिंत रहें कि हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए उन्हें एक–एक करके मारने के लिए प्रतिबद्ध और वचनबद्ध हैं। लिक्विड आईईडी नई चुनौती दूसरी ओर, कश्मीर में उभर रहे नये खतरे की बात करें तो आपको बता दें कि जम्मू–कश्मीर के आंतकी परिदृश्य में तरल विस्फोटक 17 साल बाद फिर से वापसी करता दिख रहा है, क्योंकि हाल ही में पुलिस ने एक आतंकवादी ठिकाने पर छापेमारी में लिक्विड इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' बरामद किया है। एक अधिकारी ने बताया कि इस 'लिक्विड इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' का पता लगाना मुश्किल होता है और इसलिए इसे डिफिकल्ट टू डीकेटेक्ट (डी2डी) श्रेणी में रखा गया है। इस महीने की शुरुआत में पुलवामा में हुई मुठभेड़ में लश्कर–ए–तैयबा का आतंकी कमांडर रियाज डार उर्फ सथार और उसका साथी रईस डार मारा गया था। इसके बाद पुलिस ने आतंकवादियों के एक 'ओवर ग्राउंड वर्कर' (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया था। इसी ओजीडब्ल्यू से तरल आईईडी बरामद हुआ है। हम आपको बता दें कि रियाज डार 2014 में प्रतिबंधित संगठन लश्कर–ए–तैयबा में शामिल हो गया था और उसने मारे गए पाकिस्तानी आतंकवादियों अबू दुजाना और अबू इस्माइल के साथ काम किया था। वह कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था। रियाज पर 10 लाख रुपये से अधिक का नकद इनाम घोषित था। वहीं, रईस डार पर पांच लाख रुपये का नकद इनाम घोषित था।

## संक्षिप्त खबरें

### कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना हेतु करे आवेदन

मऊ(एजेंसी)। उप कृषि निदेशक ने बताया कि कृषि उत्पाद में स्थाई एवं नियमित वृद्धि, कृषकों की आय में वृद्धि, कृषकों के आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में उन्नयन तथा शासन द्वारा किसानों के हितार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी एवं उसका लाभ किसानों तक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना (एग्रीजंक्शन) के अर्न्तगत जनपद के नौ विकास खण्डों में कुल 26 एग्रीजंक्शन "वन स्टाप शाप" खोले जाने है। जनपद के इच्छुक लाभार्थी, जो कृषि स्नातक हैं और जिनकी आयु 40 वर्ष से अधिक न हो (अनुसूचित जातिध्जनजातिध्महिलाओं को 05 वर्ष की छूट) योजना हेतु आवेदन कर सकता है। पात्र अभ्यर्थियों में जिनकी जन्मतिथि पहले है, उन्हें पहले वरीयता दी जायेगी। प्राप्त आवेदनों में विकास खण्डवार वरीयता सूची के आधार पर चयन समिति द्वारा की जायेगी। जनपद–मऊ के मूल निवासी कृषि स्नातक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र स्व हस्ताक्षरित शैक्षिक प्रमाण पत्र, आय, जाति निवास, आधार एवं पैन की छाया प्रति के साथ संलग्न कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 15 जुलाई को सायं 05 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि योजना से लाभान्वित करते हुए स्वावलम्बन बनाया जा सके।

### जन्मजात बहरापन से ग्रसित बच्चों के निःशुल्क उपचार हेतु बस हुई रवाना




मऊ(एजेंसी)जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने कलेक्ट्रेट प्रांगण से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्मजात दोष जन्मजात बहरापन से ग्रसित बच्चों के (कॉक्लीयर इम्पप्लांट) निःशुल्क उपचार हेतु कानपुर प्रस्थान करने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मऊ जिले से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डा0 एसएन मेहरोत्रा ईएनटी फाउंडेशन, कानपुर (उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इंपैनल्ड) में आरबीएसके कार्यक्रम के अंतर्गत कॉक्लियर इंप्लीमेंटेशनध् वृहद जांच एवं उपचार हेतु 13 जून को जाने हेतु एवं 14 जून को वापस आने हेतु निःशुल्क बसध्परिवहन की व्यवस्था जिलाधिकारी द्वारा की गई। कॉक्लीयर इम्पप्लांट सर्जरी हेतु बच्चों के अभिभावक द्वारा जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। इस प्रार्थना पत्र के साथ आयु प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं पिता अभिभावक का आय प्रमाण पत्र व बच्चेध् अभिभावक का आधार कार्ड अथवा अन्य अनुमन्य आवश्यक प्रपत्र जिससे पहचान वह पता हो प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर जन्मजात बहरापन के स्क्रीनिंग हेतु जिला चिकित्सालय में निःशुल्क शिविर का आयोजन हुआ था। इसके उपरांत आज मूक बाधित बच्चों के निशुल्क ऑपरेशन हेतु बस कानपुर के लिए रवाना हुई।

## मंत्री श्री शर्मा ने किया प्रधानमंत्री आवास एवं गरीब कल्याण योजनाओं के कैंप का उद्घाटन

**- मां शीतला माता मार्ग का उद्घाटन के साथ ही किया स्नेह मिलन कार्यक्रम**
**- मऊ में लगभग 3000 करोड़ रूपये से ज्यादा से हो रहा विकासरु कैबिनेट मंत्री**



मऊ(एजेंसी)। एक दिवसीय प्रवास पर मऊ पहुंचे ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने शुरुआत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, काझा खुर्द में आयोजित प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य गरीब कल्याण की योजनाओं के कैम्प का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर की। उसके पश्चात उन्होंने शीतला माता मंदिर प्रांगण में शीतला माता मंदिर द्वार का उद्घाटन किया। वहीं उन्होंने बहुउद्देशीय भवन मंगलम में स्नेह मिलन कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से वार्ता कर विकास की राह पर जिले को आगे बढ़ाने के लिए सुझाव मांगे। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के नेतृत्व में जनपद मऊ के उनके पैतृक आवास काझाखुर्द एवं बड़ागांव में लाभार्थीपरक योजनाओं के लिए बुधवार एवं गुरुवार को 02 दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में विभिन्न विभागों से प्राप्त 142 समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जिसमें वृद्धावस्था पेंशन, शादी अनुदान, विधवा पेंशन, आय, जाति–निवास प्रमाण पत्र, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास शहरी तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लिए पात्र लाभार्थियों के आवेदनों का सत्यापन किया गया और कैंप में आई कुल 142 समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि पिछले कुछ माह से यहाँ के लोग हमेशा आते थे जिनको विभिन्न प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। किसी के पास राशन कार्ड नहीं, किसी के पास आवास नहीं, कहीं आयुष्मान कार्ड नहीं था, यहाँ तक कि कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिनके पास आधार कार्ड तक नहीं था। आवास एवं गरीब कल्याण योजनाओं के कैंप में कुल 339 मामले आये। जिसमें नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन के 6, विद्युत विभाग के 4, पिछड़ा वर्ग कल्याण के 4, समाज कल्याण के 13, दिव्यांगजन विभाग के 4, महिला एवं बाल विकास के 8, राजस्व विभाग 20 और सर्वाधिक प्रधानमंत्री आवास के 280 मामले थे। जिनका आवेदन लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है, वहीं जल्द ही इन सभी विभागों की योजनाओं से काझा खुर्द ग्राम वासियों में लाभान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, अद्दा शंकर मिश्र, प्रवीण गुप्ता, अजय कुमार, शत्रुमर्दन शाही, डूडा अधिकारी अरविंद कुमार पांडेय, दिनेश कुमार बड़ी संख्या में लाभार्थी व सम्मानित ग्रामवासी, पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मां शीतला माता द्वारा का कैबिनेट मंत्री में किया उद्घाटन

कैबिनेट मंत्री ने शीतला माता मंदिर द्वार का उद्घाटन करने के उपरांत लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि माता शीतला के धाम से उनका बहुत पुराना नाता है। उनकी माता जी बचपन से ही उनको यहां लेकर आती थीं। इस धाम के लिए कितना भी कर दिया वो हमेशा कम ही रहेगा। इस मंदिर के द्वार के काम बहुत दिनों से उनके मन में था और अब यह कार्य पूरा हुआ है, उसके लिए आप सभी का स्नेह और प्यार हमेशा बना रहे हुए उनके द्वारा धाम के लिये कोई भी कार्य करने योग्य हो वो उन्हें बता दिया जाये, उसे पूरा करने का वो भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मऊ में 3000 करोड़ रूपये के कार्य अभी तक कराये गए हैं। जैसे मां शिलता धाम द्वार का कार्य पूर्ण हुआ है, वैसे ही मऊ महादेव का भी कार्य लगभग पूर्ण होने पर है। मंत्री श्री शर्मा ने कहा उनको दोनों विभागों के साथ ही अन्य विभाग की सहायता से मऊ के विकास पर कार्यक्रम जोरो पर चल रहा है। प्रदेश सरकार यहां के विकास के लिए पूरी तरह सजग है। स्नेह मिलन कार्यक्रम में एके शर्मा बोले राजनीती विकास व प्रगति की वाहक और कारक होती है। स्नेह मिलन कार्यक्रम में मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि राजनीती विकास और प्रगति की वाहक होती है।

## नपाध्यक्ष ने बाबाघाट पर चलाया सफाई अभियान

मीरजापुर (एजेंसी)। आगामी गंगा दशहरा को देखते नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने स्थानीय सभासद एवं नागरिकों, पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ नगर के बाबाघाट पर सफाई अभियान चलाया। घाटों पर जमी हुई सिल्ट,किनारे पर जमें हुए कूड़े को फरसे आदि की मदद से हटाया गया।नपाध्यक्ष और उनकी टीम को सफाई करता देख स्नान करने आए लोगो ने आगे बढ़कर सफाई अभियान में भाग लिया।उन लोगो द्वारा भी गंगा नदी से प्लास्टिक कचरे आदि को निकाल कर सफाई कर्मचारियों को दिया।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा की गंगा दशहरा के मद्देनजर नगर के सभी घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सभासदों, सफाई नायकों के सहयोग से घाटों पर सफाई की जा रही है। घाटों पर जमी सिल्ट को मशीनों के मदद से भी हटाया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिए हम सभी को जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। गंगा नदी के किनारे रहने वाले निवासियों को नैतिक जिम्मेदारी लेनी होंगी की हम सब मिलकर गंगा घाट को स्वच्छ रखें। गंगा नदी को स्वच्छ बनाने के लिए उसमे माला–फूल, पन्नी आदि प्रवाहित करने से बचना होगा।पालिका द्वारा घाटों पर पात्र रखा गया है, उसी पात्र में माला फूल इत्यादि डाले। 14 एवं 15 जून को नगर के प्रमुख घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिसमें आप सभी इस स्वच्छता अभियान में शामिल होकर घाटों स्वच्छ और नगर को सुंदर बनाने में सहयोग करे। इस मौके पर वार्ड के सभासद दुर्गा प्रसाद यादव, अनिल केसरवानी, प्रीतम केसरवानी, अरविंद केशरी, संजीव केशरी, कृपाशंकर केशरी, विजयशंकर, संजय केशरी, अभिषेक केशरी, मुख्य सफाई निरीक्षक मनोज सेठ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री से की गई मंडलीय अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत

मीरजापुर (एजेंसी)मंडलीय अस्पताल से मेडिकल कॉलेज का तमगा हासिल कर चुके मीरजापुर के मंडलीय अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार और मनमानी का आलम थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले कुछ महीनों से सुर्खियों में छाए इस अस्पताल की व्यवस्थाओं और जिम्मेदार मुलाजिमों की शिकायत सीधे मुख्यमंत्री से करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। आरोप लगाया गया है कि सुधार के बजाए दिन–प्रतिदिन यहां की व्यवस्था चरमराती जा रही है। जिसपर कोई नियंत्रण न होने से नगर सहित दूरदराज से आने वाले मरीजों एवं उनके तिमारदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि जब से मंडलीय चिकित्सालय को मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबंध किया गया है तब से ही आए दिन मंडलीय चिकित्सालय पे भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे है और मुख्य बात यह है कि इसमें मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य की भी भूमिका बताई जाती है। कभी मरीजों से विवाद तो कभी बाहरी मेडिकल से दवाई लिखना, ओपीडी चिकित्सक के कमरे में भारी मात्रा में एमआर का आना, इस भीषण गर्मी में वाटर कूलर की व्यवस्था न होना। यह सब क्रियाकलाप प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के बेहतर स्वास्थ सुविधाओं के दावा को खोखला साबित कर रहा है। जिसकी उनको जानकारी होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। पिछले दिनों हॉस्पिटल मैनेजर पद पर आसीन अनुज ठाकुर की भी जांच कराई गई थी जिसे पूर्णता फर्जी पाया गया था और जिलाधिकारी के आदेश के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उन्हें पद मुक्त करते हुए सीएमओ कार्यालय से संबंध कर दिया था। बावजूद इसके प्रधानाचार्य द्वारा उन्हें अस्पताल की जिम्मेदारी दी जा रही है। यहां तक कि यह भी आरोप लगा था की उनको आवास भी आवंटित किया गया है। प्रधानमन्त्री जन औषधी केन्द्र का स्थानानारण प्रमुख अधीक्षक, मण्डलीय जिला चिकित्सालय मीरजापुर के द्वारा नये स्थान पर किया गया था, परन्तु प्रधानाचार्य, मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मीरजापुर के द्वारा बाहरी मेडिकल स्टोर के साथ साथ–साथ स्थापित कर प्रधानमन्त्री जन औषधी मेडिकल स्टोर खोलने पर रोक लगा दिया गया जिससे मरीजों का आर्थिक शोषण हो रहा है। तमाम ऐसे मुद्दों पर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व छात्र संघ महामंत्री मनीष दुबे द्वारा 10 सूत्री मांगों का पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप कर कार्यवाही की मांग की गई है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

**- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में जनपद के ट्रांसजेंडर समूह की महिलाएं करें प्रतिभाग- जिलाधिकारी**



मऊ(एजेंसी)। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉक्टर सत्येंद्र कुमार साहू ने बताया कि योग के जन–जन के आरोग्य का माध्यम बनाए जाने के उद्देश्य से 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जाएगा। इस योग सप्ताह के अंतर्गत 15 जून को प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। 16 जून को रंगोली प्रतियोगिता एवं योग के माध्यम से उच्च रक्तचाप प्रबंधन विषय पर सेमिनारध्गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। 17 जून को जीवन शैली जन समस्याओं में योग का महत्व के विषय पर सेमिनार का आयोजन होगा। 18 जून को निबंध लेखन प्रतियोगिता, आधुनिक जीवन शैली में महिलाओं के लिए योग का महत्व विषय पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। 19 जून को आशु भाषण एवं ड्राइंग प्रतियोगिता तथा 20 जून को योगासन प्रदर्शन प्रतियोगिता निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास एवं 21 जून को पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह कार्यक्रम किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम प्रातः 6 बजे से 7 बजे के मध्य डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट स्टेडियम बलिया मोड़ मऊ में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त ट्रांसजेंडर समूह की महिलाओं से 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में प्रतिभाग करने की अपील की। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी को कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तैयार कर मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में उपस्थिति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रक्तदान को महादान समझते हैं भाकियू नेता शिवनारायण वर्मा

जैदपुर, बाराबंकी(एजेंसी)। समाजसेवा का जज्बा कुछ लोगों के अंदर छात्र जीवन से ही दिखाई पड़ता है। वह अपने कामकाज का नुकसान करके दूसरों की भलाई के लिए आगे खड़े नजर आते हैं। इसी तरह का जज्बा भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के शिवनारायण सिंह वर्मा में दिखाई पड़ता है। जैदपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बलछत के वैशपुर गाँव निवासी स्व बालक राम वर्मा के एकलौते पुत्र शिवनारायण सिंह वर्मा में नजर आता है। शिव नारायण सिंह वर्मा ने बताया कि वह भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष स्व मुकेश सिंह वर्मा से प्रभावित हो कर वर्ष 2006 में सदस्य के रूप में काम करना शुरू किया था। वर्ष 2009 में ग्राम पंचायत अध्यक्ष और फिर 2012 में ब्लॉक उपाध्यक्ष बन गए। अब नवाबगंज तहसील अध्यक्ष के रूप में संगठन का काम कर रहें हैं। पिछले 18 सालों में शिवनारायण सिंह ने हमेशा अपने संगठन के लिए सक्रिय भूमिका रहें हैं। रक्तदान शिविर में ज्यादा ज्यादा लोगों को जागरूक कराकर रक्तदान कराते हैं। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों के साथ सांसद तनुज पुनिया के साथ कई प्रशासनिक अधिकारी को प्रेरित करके रक्तदान कराया है। अभी तक इन्होंने ने 110 लोगों को अपने द्वारा रक्तदान के साथ स्वयं 8 बार रक्तदान कर चुके हैं। और जरूरत पड़ने पर 60 लोगों को रक्तदान जिला अस्पताल से दिलाया भी है। वहीं हर साल पांच सौ वृक्षारोपण हरख ब्लॉक के विभिन्न गांव में किसान यूनियन के माध्यम से करते हैं। जिले में महिलाओं को जोड़ने में सबसे ज्यादा अहम भूमिका शिवनारायण सिंह की रही है। उनके द्वारा नवाबगंज तहसील में 2 हजार के करीब महिला सदस्य शामिल कराई गई हैं। जिसमें से एक हजार से ज्यादा सक्रिय सदस्य हर वक्त संघर्ष के लिए तैयार रहती है। पिता का निधन वर्ष 2010 में हो गया था। तीन बहनों में इकलौते भाई होने के बाद भी परिवार की जिम्मेदारियां निभाने के साथ भारतीय किसान यूनियन के लिए हर मौके पर साथ रहते हैं। अपने भाई की समाज सेवा देखकर एक बहन पुलिस विभाग में दीवान के पद पर सेवा दे रही है। गांव से लेकर ब्लाक व तहसील से लेकर अपने संगठन में एक अच्छा व्यवहार के लिए भी लोग शिवनारायण सिंह को पसंन्द करते हैं। पूरे क्षेत्र में एक सक्रिय समाजसेवी की भूमिका में से शिवनारायण सिंह वर्मा को लोग जानते पहचानते हैं।

## बाराबंकी की जनता को समर्पित है तनुज पुनिया की जीतः गोप



बाराबंकी(एजेंसी)। इंडिया गठबंधन के नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप और पूर्व सांसद डॉ पी.एल पुनिया का गांधी भवन में भव्य स्वागत हुआ। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तदोपरान्त वयोवृद्ध गांधीवादी राजनाथ शर्मा से मिलते ही सांसद तनुज पुनिया ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। राजनाथ शर्मा ने उन्हें गले लगाया और जीत पर बधाई दी। इस दौरान श्री शर्मा ने नवनिर्वाचित सांसद तनुज पुनिया का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कहा लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं की मेहनत सफल हुई, जनता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ और जिले से सभी छह विधानसभाओं में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया की एतिहासिक जीत दर्ज की। यह जीत बाराबंकी की जनता को समर्पित है। आने वाले विधानसभा चुनाव 2027 में हम बड़ी जीत हासिल करेंगे। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि केंद्र में भले ही इंडिया गठबंधन की सरकार न बनी हो लेकिन मेरा जनता से किया हर एक वायदा पूरा होगा। पिछले 10 वर्षों में जो वनवास बाराबंकी को मिला वह आने वाले 5 वर्षों में विकास की नई योजनाओं से पूरा किया जाएगा। हम लोकसभा बाराबंकी को नई बुलंदियों तक ले जाएगे। इस कार्य में जनता का भरपूर सहयोग और मार्गदर्शन चाहिए। पूर्व सांसद डॉ पी.एल पुनिया ने कहा कि बाराबंकी मेरी कर्मभूमि रही है। यहां की माटी ने मुझे और मेरे बेटे को अपना अंश समझा। यह मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि है। तनुज बाराबंकी में स्थाई कार्यकर्ता के तौर पर जनता के बीच उत्तम कार्य करेंगे। ताकि आने वाले समय में बाराबंकी के किसानों और युवाओं को परेशान न होना पड़े। गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कहा कि बाराबंकी के युवा सांसद तनुज पुनिया से युवाओं को बहुत अधिक उम्मीद है। इस चुनाव में तनुज के साथ युवा विशेष रूप से दिखाई दे रहे थे। उन्हें अपने पिता की तरह ही बाराबंकी में विकास की नई शुरूआत करनी होगी। और युवाओं के हितों के लिए भी कार्य करना होगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, समाजसेवी विजय कुमार सिंह 'मुन्ना', मृत्युंजय शर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख विवेकानंद पाण्डे, अशोक शुक्ला, साहित्यकार अजय सिंह गुरूजी, विजय पाल गौतम, प्रदीप सिंह, अजय वर्मा बबलू, भूपेन्द्र सिंह, सत्यवान वर्मा, विनय कुमार सिंह, नीरज दूबे, बब्बू अरोड़ा, वेद प्रकाश यादव, विनोद भारती, सलाउद्दीन किदवई, संजय कत्याल, बृजेश दीक्षित, हसमत अली, हुमायूं नईम खान, वीरेन्द्र प्रधान, मेराज प्रधान, मनीष सिंह, अजीज अहमद, साकेत संत मौर्य आदि कई लोग मौजूद रहे।

## यशमीत बने भारतीय नव सेना में सब-लेफ्टिनेंट, खुषी की लहर

मऊ(एजेंसी)। कहते हैं न माटी के लाल को देश का लाल बनने का गौरव मिले तो फिर क्या कहना। नगर के निजामुद्दीनपुरा निवासी व मूल रूप से ग्राम सिकरीया पोस्ट मेंउड़ी, हलधरपुर मऊ के रहने वाले विनोद कुमार पाण्डेय के बड़े पुत्र यशमीत पाण्डेय अपने प्रथम प्रयास में भारतीय नव सेना में सब लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होकर देश की सेवा में खुद को समर्पित कर, मऊ का नाम रौशन किया है। विगत दिनों यशमीत के पास आऊट परेड के मुख्य अतिथि वायुसेना के प्रमुख रहे। जो आईएनए एजीमला केरला में सम्पन्न हुआ। यशमीत ने 12वीं बोर्ड की परीक्षा से पूर्व ही एनडीए की परीक्षा में आल इंडिया में 42 वीं रैंक हासिल कर मऊ को गौरवान्वित कर चुका है। यशमीत ने राष्ट्रीय रक्षा एकेडमी में तीन वर्ष व भारतीय नव सेना एकेडमी में एक वर्ष का कठिन प्रशिक्षण के उपरांत भारतीय नव सेना में सब लेफ्टिनेंट का पद पाकर माता पिता सहित परिवार व मऊ का नाम रौशन किया है। यशमीत की प्रारंभिक शिक्षा नगर के फातिमा कान्वेंट स्कूल में हुआ है। उनके छोटे भाई दिव्यांश पाण्डेय वीआईटी चेन्नई से बीटेक कर रहा है। उनके पिता गवर्नमेंट कान्ट्रेक्टर व माता आभा पाण्डेय प्राथमिक विद्यालय में अध्यापिका हैं। सब लेफ्टिनेंट बनने के बाद पहली बार मऊ आने पर यशमीत के परिजनों ने उनका स्वागत तिलक लगाकर और आरती उतारकर किया। इस अवसर पर यशमीत से पूछा गया कि सब लेफ्टिनेंट बनने के बाद कैसा लग रहा है यशमीत ने कहा इस उम्र में बचपन को सपना पूरा हो गया और देश की सेवा का अवसर मिल रहा है इससे ज्यादा खुुशी की बात और क्या हो सकती है। सब लेफ्टिनेंट बनने के बाद यशमीत को गाँव, मुहल्ले सहित परिजनों ने बधाई दी है।

## सफाई कर्मी नहीं, गंदगी का अंबार, संक्रामक रोगों का खतरा

जैदपुर, बाराबंकी(एजेंसी)। ग्राम पंचायत टिकरा उस्मा में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। सबसे दिलचस्प बात यह कि पिछले तीन साल से इस ग्राम पंचायत में किसी सफाई कर्मी की तैनाती ही पंचायत राज विभाग से नही की गई है। स्वच्छ भारत मिशन द्वारा निजी सफाई कर्मी के द्वारा ग्राम पंचायत की सफाई कराई जाती थी। लेकिन अब ज्यादा गंदगी फैल जाने से वह भी सफाई करने नही आ रहा है और बकरीद का त्योहार भी आ गया है। जिससे ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था को लेकर काफी परेशानी ग्राम वासियों को लग रही है। हरख ब्लॉक की ग्राम पंचायत टिकरा उस्मा में नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं। नाली का पानी सड़कों पर बह रहा है। ग्राम प्रधान मोहम्मद अफसार ने बताया कि जब से हम प्रधान हुए हैं पिछले तीन साल से टिकरा ग्राम पंचायत में किसी सफाई कर्मचारी की तैनाती नही की गई है। गांव की सफाई के लिए निजी सफाई कर्मचारी को पैसा देकर सफाई कराई जाती थी।

## बंकी रेलवे फाटक पर लगाए कटीले तार, जनता में आक्रोश

**कटीले तारों में फंसकर बेजुबान जानवर, बच्चे व राहगीर हो रहे हैं घायल**



बाराबंकी(एजेंसी)। स्थानीय बंकी रेलवे क्रासिंग के फाटक पर कंटीले तार लगे हुए हैं जिसको देखकर आपको लगेगा की आप देश के बॉर्डर पर पहुंच गए। जहां देश के दुश्मनों से रक्षा के लिए रेलवे विभाग ने कंटीले तार लगा दिए ताकि बंद रेलवे फाटक से कोई इंसान और जानवर निकल न सके। यदि कोई निकलने की कोशिश करे तो वह जख्मी हो जाए। यह नया कारनामा रेलवे विभाग ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए बंकी वासियों के लिए किया है। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से मात्र 30 किमी दूर स्थित बाराबंकी की है, जहाँ की जनता सालों से ओवर ब्रिज या अंडर पास की मांग कर रही है। बंकी रेलवे फाटक व्यापारी, मजदूर, राहगीर, रहवासी समेत स्कूली बच्चों के लिए जी का जंजाल बन गया है। लगातार ट्रेनों के आवाजाही से लंबे समय तक फाटक बंद रहती है। लंबे इंतजार के बाद फाटक खुलती भी है तो वहां लंबी जाम लग जाती है। फाटक खुलने के इंतजार में लोग घंटों खड़े रहते है। तब–तक दूसरी ट्रेन आ धमकती है। फाटक खुलते ही लोग जल्दबाजी के चक्कर में दौड़ पड़ते हैं और दुर्घटना का शिकार भी हो जाते है। समस्या का स्थाई समाधान नहीं होने से लोगों में आक्रोश दिनों–दिन बढ़ता जा रहा है। राहगीरों ने बताया कि, फाटक बंद होने की स्थिति में पांच मिनट के काम में 20 से 30 मिनट लग जाते है। जिसके कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए ओवरब्रिज का निर्माण किया जाना चाहिए अन्यथा जाम की यह समस्या आगे काफी गंभीर हो जाएगी। बीते बुधवार को रेलवे विभाग ने बंकी की ओर आने–जाने वालों के लिए रेलवे फाटक पर कटीले तार लगा दिया है। यह कटीले तार देखकर अंग्रेजो के जमाने का अत्याचार याद दिलाता है। अपने कृत्यों को देखकर जिम्मेदार रेलवे विभाग जरा इंसान बनकर सोचें कि अगर आपके बच्चों को ऐसे कंटीले तारों के बीच से रोज आना जाना पड़े तो क्या इस तरह कटीले तार लगाकर आवागमन बाधित करेंगे या नही? बहरहाल, बंकी वासियों ने कई चेयरमैन, विधायक, सासंद को वोट दिया और लोगों को यहां से जितवाकर लोकसभा, विधान सभा तक भेजा लेकिन किसी ने भी बंकी वासियों के दर्द को नहीं समझा।

## टैबलेट व मोबाइल फोन पाकर छात्राओ खिले चेहरे

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ(एजेंसी)। स्थानीय तहसील अन्तर्गत शमशाबाद के आरएएफ महिला पीजी कॉलेज में वृहस्पतिवार को 209 छात्राओं को स्मार्टफोन व मोबाइल फोन का वितरण किया गया। कालेज सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में प्रबंधक रामाश्रय सिंह, विशिष्ट अतिथि डाक्टर शाहनवाज अहमद व संजय कुमार शर्मा के द्वारा टैबलेट व मोबाइल पाकर छात्राएं प्रसन्नचित नजर आईं। बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार की इस योजना के तहत बीए, बीएससी व बीएड परीक्षा उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को आगे की पढ़ाई को सुगम व तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए इसका वितरण किया जाता है। इस अवसर छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रबंधक रामाश्रय सिंह ने कहा कि छात्राओं को मोबाइल फोन व टैबलेट देने से उनकी पढ़ाई में चार चाँद लग जायेगा। इससे छात्राओं को आगे की आनलाईन पढ़ाई में मदद मिलेगी और वे सशक्त होंगी। समाज में उनकी आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा। उन्होंने इस योजना लाभान्वित छात्राओं को बधाई दी एवं आगे उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ईद पर जिले भर में बिजली पानी और सफाई के बंदोबस्त बेहतर हो: पूर्व सांसद फजलुर्रहमान

सहारनपुर। सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने बकरा ईद पर जनपद व महानगर में बिजली–पानी, सफाई आदि की सुचारू व्यवस्था करने के लिए जनपद प्रशासन को पत्र लिखा है। पूर्व



सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने जिलाधिकारी, नगर आयुक्त नगर निगम व मुख्य अभियंता बिजली विभाग को लिखे अपने पत्र में कहा कि आगामी 17 जून को ईद–उल–अजहा का बड़ा धार्मिक पर्व है। जनपद व नगर क्षेत्र के जिन स्थानों पर बकरा मंडी, भैंसा मंडी लगती है। वहां पर ईद उल अजहा से पूर्व क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की जाए तथा नगर क्षेत्र में सम्मिलित सभी 32 गाँव एवं जनपद में अतिरिक्त सफाई कर्मचरियों की व्यवस्था की जाए। पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने कहा कि मस्जिद के आस–पास के क्षेत्रो की सफाई व्यवस्था, निर्बाध विद्युत आपूर्ती व सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध कराए जाने जनहित में आवश्यक है।

## दो आरोपियों के खिलाफ छेडछाड तथा मारपीट का मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ किशोरी के साथ छेडछाड तथा मारपीट व धमकी एवं पास्को एक्ट का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के चोप सिंह का पुरवा अगई निवासी राजकुमारी पत्नी राजेश सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बारह जून को रात्रि नौ बजे उसकी पुत्री लक्ष्मी 15 शौच के लिए घर से निकली थी। रास्ते में गांव के रामसजीवन के पुत्र अर्जुन सरोज तथा राजाराम के पुत्र शनि ने उसकी पुत्री का बदनीयती से हाथ पकड़ लिया। किशोरी ने विरोध करते हुए अर्जुन के हाथ में दांत काट लिया। इस पर आरोपियों ने उसे निर्वस्त्र करने का प्रयास किया। इसके बाद किशोरी ने हल्लागुहार किया तो आरोपियों ने मुंह खोलने पर जानलेवा धमकी दी। पीड़िता ने घर पहुंचकर मां को आपबीती सुनाई। पीडिता की मां बेटी के साथ आरोपियों के घर पहुंची और घटना को लेकर उलाहना दिया तो आरोपियों ने पीडिता व उसकी मां को गाली देते हुए मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी फिर धमकाते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरूवार की रात आरोपी अर्जुन समेत दो के खिलाफ पास्को एक्ट समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## किशोरी का अपहरण, आरोपी के खिलाफ केस

लालगंज, प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गुरूवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज के मोहनपुर निवासी महादेव के पुत्र जियालाल यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि ग्यारह जून को उसकी पुत्री सोनी 14 घर से निकली। पुत्री जब वापस नहीं लौटी तो परिजन परेशान हो उठे। पीडित ने पुलिस को दी गई तहरीर में केदौरा के साधू का पुरवा निवासी माता प्रसाद के पुत्र मोहित सरोज पर बेटी के अपहरण की आशंका जतायी है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

## एएसपी ने कोतवाली का किया औचक निरीक्षण, मातहतों के कसे पेंच

लालगंज, प्रतापगढ़। जिले के एएसपी पश्चिमी संजय राय ने शुक्रवार की दोपहर लालगंज कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। एएसपी के अचानक कोतवाली पहुंचने से हडकंप मच गया। एएसपी ने कोतवाली के अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए महिला अपराध से जुड़ी विवेचनाओं की प्रगति की जानकारी ली। वही उन्होनें वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी में लापरवाही को लेकर कोतवाली पुलिस को अल्टीमेटम भी दिया। एएसपी ने जमीनी विवाद को लेकर शिकायती पत्रों के निस्तारण में राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर फौरी कार्रवाई के कडे निर्देश दिये। एएसपी ने परिसर का भी भ्रमण कर साफ सफाई चाक चौबन्द रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित ने उन्हें वांछित सूचनाएं प्रदान की।

## अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर संघर्ष होगा तेज

लालगंज, प्रतापगढ़। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर शुक्रवार को तहसील परिसर में अधिवक्ताओं की बैठक हुई। बैठक में रूरल बार एसोशिएसन की ओर से आगामी बीस जून से प्रदेश भर में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का अभियान पुनः शुरू किये जाने पर रणनीतिक चर्चा हुई। एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को लेकर ड्राफ्टिंग कमेटी का गठन कर इसे ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया है। उन्होने कहा कि कमेटी को इस अधिनियम को लेकर अधिवक्ताओं के सुझाव भी मिल चुके हैं। उन्होनें कहा कि राजस्थान के बाद कर्नाटक राज्य मेंभी यह अधिनियम प्रभावी हो गया है। राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि यूपी सरकार की अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर कोरे आश्वासनबाजी के खिलाफ सुरक्षा यात्रा के जरिए संघर्ष का बिगुल बजेगा। अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येन्द्र श्रीवास्तव व संचालन तहसील इकाई अध्यक्ष सुमित त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर शिव नारायण शुक्ल, विपिन शुक्ल, दीपेन्द्र तिवारी, सिंटू मिश्र, रामकिंकर शुक्ल, संतोष पाण्डेय, अमरनाथ यादव, मो. ईसा, शिवप्रसाद यादव, रमेश पाण्डेय, घनश्याम सरोज, इरफान, संजय सिंह, लालता प्रसाद पाण्डेय, शिवेन्द्र तिवारी, महेश पटेल, ललित गौड़, उदयराज पाल आदि अधिवक्ता रहे।

## किशोर की हत्या में एक नामजद तथा दो अज्ञात के खिलाफ केस

### पीएम के बाद शव पहुंचने पर मचा कोहराम, खुलासे के लिए मशक्कत में जुटी पुलिस

लालगंज, प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के सेमरा गांव के किशोर की हत्या को लेकर पुलिस ने एक नामजद तथा दो अज्ञात के खिलाफ हत्या एवं जान से मार देने की नीयत से अपहरण का केस दर्ज किया है। वहीं घटना के दूसरे दिन दोपहर बाद मृतक का शव पीएम के बाद गांव पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया। पुलिस हत्या को लेकर कुछ संदिग्धों को हिरासत मे लेकर पूछताछ मे जुटी हुई है। लाई चना के विक्रेता की हत्या को लेकर घटना के दूसरे दिन शक की सुई किसी प्रेम प्रसंग को लेकर घूमती नजर आयी। वहीं घटना के बाबत जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी को दूसरे दिन भी उदयपुर थाना मुख्यालय पर घटना के खुलासे के प्रयास में मशक्कत करते देखा गया। उदयपुर थाना के सेमरा गांव निवासी अखिलेश गुप्ता का पुत्र अजय कुमार गुप्ता 17 गुरूवार को कुम्भीआइमा बाजार से शाम करीब सात बजे ठेले पर अपनी दुकान लेकर घर की तरफ जा रहा था। रास्ते में तिवारी का पुरवा मोड़ पर दो अज्ञात बाइक सवार पहुंचे और अजय को मारने पीटने लगे। सड़क किनारे शौच को आयी औरतें मारपीट देख चीखने चिल्लाने लगी तो आरोपी अजय को अपनी बाइक में अपहृत कर वहां से भाग निकले। लोग मौके पर पहुंचे तो वहां ठेला देखकर अनहोनी की आशंका में अजय की तलाश में जुटे गये। तभी पूरे भगवत गांव के समीप रामसुख वर्मा की टयूबवेल के पास अजय का धारदार हथियार से गला कटा शव मिला। शव देखकर पिता चीखने चिल्लाने लगा। मृतक के पिता ने तहरीर में आशंका जतायी है कि गांव के सोहन लाल के पुत्र विशाल ने अपने साथियों के साथ उसके बेटे की हत्या कर दी। जानकारी मिलने पर आननफानन में उदयपुर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गयी। सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर भी मौके पर पहुंचे। उदयपुर पुलिस की सूचना मिलने पर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय भी देर रात घटनास्थल पर पहुंच गये। युवक की हत्या को लेकर आसपास तनाव का माहौल बनते देख लालगंज व सांगीपुर के भी थानाध्यक्ष फोर्स के साथ पहुंच गये। देर रात मृतक के शव का पंचनामा कराकर पुलिस ने पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवा दिया। इस बीच उदयपुर पुलिस ने चार पांच संदिग्धों को दबोचकर थाने ले आयी। पुलिस संदिग्धों से शुक्रवार को भी पूछताछ में जुटी हुई बतायी गयी। मृतक लाई–चना ठेले पर बेंचा करता था। ऐसे में उसकी हत्या को लेकर पुलिस भी कई बिंदुओं पर पड़ताल में जुटी हुई है। पुलिस मृतक की हत्या को लेकर किसी प्रेम प्रसंग के भी क्लू पर मानीटरिंग में देखी जा रही है। इधर घटना को लेकर एसपी सतपाल अंतिल ने पुलिस की चार टीमें खुलासे के लिए गठित की है। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय दूसरे दिन शुक्रवार को दोपहर बाद उदयपुर थाने पहुंचे। उन्होनें थानाध्यक्ष राधेबाबू से घटना के खुलासे को लेकर पुलिस के किये गये प्रयासों की जानकारियां जुटाई। एएसपी का कहना है कि पुलिस हर बिंदुओं पर जांच कर रही है। शीघ्र ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा। इधर मृतक अपने तीन भाईयों में सबसे छोटा था। दो बड़े भाई बाहर कारोबारी के सिलसिले में रहते



हैं। परिजनों के मुताबिक दोनों भाईयों के घर पहुंचने पर शनिवार को मृतक का अंतिम संस्कार किया जाएगा। वहीं मृतक का शव घर पहुंचा तो उसकी इंगलेश दहाड़ मारकर रोने लगी। बूढ़ी आजी सूरसती देवी भी बार बार अजय के शव को निहार कर बेसुध हुई देखी गयी।

## हादसे के बाद भी शहर में फर्राटा भर रहे ओवर लोड बालू लदे वाहन, जिम्मेदार फिर कर रहे हादसे का इंतजार

हरदोई(एजेंसी) ।मल्लावां में हुए हादसे के बाद भी हरदोई के जिम्मेदार अब तक नहीं जागे हैं। हरदोई में रात होते ही सड़कों पर बालू मौरंग लदे ट्रक जमकर फर्राटा भरते नजर आ जाएंगे। शहर में भी बालू मौरंग लदे ट्रक डंपर आवाजाही करते रात में नजर आ जाएंगे। यह हाल जब है जब बुधवार को हरदोई के मल्लावां में हुए हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई है। मल्लावां में बालू भरी ट्रक जो हरदोई आ रही थी वो मल्लावा में हादसे का कारण बन गया। हादसा भी ओवरलोडिंग के चलते घटित हुआ है। हालाँकि इस मामले में अब जांच में बताया गया है कि ट्रक ओवरलोड नहीं था जो की हरदोई जनपद के लोगों के गले के नीचे नहीं उतर रहा है।हरदोई जिला प्रशासन के अधिकारियों के लापरवाही का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## सीता की खोज में निकले राम भक्तहनुमान ने जलाई सोने की लंका

### ग्रामवासियों ने नेवलिया में जलाए घी के दिए हुआ राम का राज्याभिषेक



हरदोई(एजेंसी) ।श्री शिव कृपा सेवा समिति नेवलिया द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय भव्य श्री रामकथा में गंगाधाम से पधारे आचार्य राधे गोविंदाचार्य जी महाराज ने कथा के नवें एवं अन्तिम दिवस मां सीता की खोज,लंका दहन,रावण वध एवं श्री राम जी के राज्याभिषेक का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीराम लक्ष्मण व हनुमान जी के साथ वानरों की सेना सीता की खोज में निकली। लंका की अशोक वाटिका में हनुमान जी को मां सीता मिली। इसी दौरान राक्षसों ने हनुमान जी को पकड़ कर रावण के पास ले गए। रावण के आदेश पर राक्षसों ने हनुमान की पूछ में आग लगा दी। तब हनुमान ने लंका का दहन किया। बालि के मरने पर सुग्रीव किष्किन्धा के राजा बने और अंगद को युवराज पद मिला। इसके बाद सुग्रीव ने असंख्य वानरों को लेकर भगवान राम मां सीता की खोज में निकल पड़े। हनुमान जी ने सीता जी का पता लगाया। पहले तो हनुमान जी को देखकर सीता डर गई। उन्होंने सोचा की यह कोई राक्षस है लेकिन जब हनुमान जी ने सीता मां को अशोक वाटिका में भगवान श्रीराम की मुद्रिका देने के बाद अशोक वाटिका को उजाड़ने लगे तब राक्षसों ने उन्हें रोका तो उन्हें कईयों को मारकर मूर्छित कर दिया। जिसके बाद रावण का पुत्र अक्षय कुमार हनुमान जी से युद्ध करने पहुंचा। हनुमान जी ने उसका वध कर दिया। जिसके बाद इंद्रजीत अशोक वाटिका पहुंचकर हनुमान जी को नागपाश में बांध कर रावण के दरबार में लाया। जहां रावण ने हनुमान जी के पूंछ में आग लगा दी जिसके बाद हनुमान जी की पूंछ में लगी आग से पूरी लंका जला दिया।महाराज जी ने प्रसंग को आगे सुनाते हुए बताया कि कम्भकर्ण वध के पश्चात रावण पूरी तरह से निराश हो गया था। उसके सभी महारथी मारे जा चुके थे। अन्त में रावण स्वयं राम से लड़ने हेतु युद्ध के मैदान में पहुंचा। राम और रावण के मध्य भयंकर युद्ध हुआ। राम ने अनेकों प्रकार से रावण को मारने का प्रयास किया किन्तु रावण मर नहीं रहा था। राम ने विभीषण की ओर देखा तो रावण ने विभीषण को मारने हेतु तीर चला दिया। राम ने तीर का प्रहार अपनी छाती पर ले लिया। इसे देखकर विभीषण प्रभावित हुए और उन्होंने रावण की मृत्यु का राज राम को बता दिया। इसके बाद राम ने 31 तीर एक साथ छोड़े जिससे रावण के दस शीश, बीस भुजायें एक साथ कटने के साथ ही नाभि का अमृत कुंड भी सूख गया। रावण के मरते ही रामादल में खुशी की लहर दौड़ गई। सीता जी को ससम्मान लंका से वापस लाकर श्रीराम,लक्ष्मण एवं सीता सहित 14 वर्षो की अवधि पूर्ण होते ही अयोध्या पहुंचे। भरत तथा समस्त परिजनों, गुरुजनों तथा अयोध्या वासियों से एक साथ गले मिले। राम का राजतिलक किया गया। राज्याभिषेक का भव्य समारोह हुआ जिस प्रकार अयोध्या में दिया जलाए गए थे ठीक उसी प्रकार आज कथा पंडाल में हजारों की संख्या में घी के दिए जलाकर राम का राज्याभिषेक किया गया। राम राज्याभिषेक के साथ ही सप्त दिवसीय श्री रामकथा का विश्राम हुआ। कथा आयोजन समिति ने बताया कि कल विशाल भंडारे के साथ कन्याभोज का आयोजन होगा।

## ई आफिस व्यवस्था से बढ़ेगी कार्य की गति:- जिलाधिकारी

हरदोई(एजेंसी)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में ई ऑफिस के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि ई ऑफिस व्यवस्था की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। सभी यूजर मेल आईडी बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ईऑफिस के अंतर्गत कार्यालय में उपलब्ध सभी दस्तावेजों की स्कैनिंग कर पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।इससे कार्य की गति बढ़ेगी।आम आदमी को राहत मिलेगी। कार्य को लेकर सम्बंधित की जवाबदेही तय हो सकेगी। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त से पूर्व सभी कार्यालयों में चरणबद्ध तरीके से ईऑफिस व्यवस्था को लागू किया जायेगा। इस अवसर पर सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बैलेंस बिगड़ने से पलटा था ट्रक:- जिलाधिकारी

हरदोई(एजेंसी) ।जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि गत 11 जून को मल्लावां में चुंगी नंबर 2 पर बालू से भरा एक ट्रक पलटने से एक ही परिवार के 8 सदस्यों की मृत्यु हो गयी थी। घटना में जाँच के लिए एक तीन सदस्यी जाँच कमेटी गठित कर ट्रक पलटने के कारणों का पता लगाने हेतु निर्देशित किया गया। जाँच में पाया गया कि ट्रक दुर्घटना के समय ओवर लोडेड नहीं था। ट्रक कानपुर से लोडिंग की अनुमन्य सीमा के अंदर बालू लेकर आ रहा था। जांच में उसके पास खध्नन परिवहन अनुमति पत्र(एम एम 11) भी पाया गया। मल्लावां में चुंगी नंबर 2 के पास ट्रक का बैलेंस बिगड़ने पर वह पास में बनी झोपड़ी पर जाकर पलट गया,जिससे एक ही परिवार के 8 सदस्यों की दुखद मृत्यु हो गयी।

## जिलाधिकारी ने की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सम्बन्ध में बैठक



हरदोई(एजेंसी)। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि 15 जून से 21 जून तक चलने वाले योग सप्ताह के दौरान जनपद में योग कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। ग्राम, विकास खण्ड व तहसील स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। कार्यक्रमों में व्यापक जन सहभागिता सुनिश्चित की जाये। 21 जून को स्टेडियम में जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाये। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों में व्यापक जन सहभागिता सुनिश्चित की जाये। जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाये। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा योग दिवस कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस मे पुलिस अधीक्षक एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा भाग लिया जायेगा

हरदोई(एजेंसी) ।आर्दश आचार संहिता समाप्त होने के उपरान्त जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह द्वारा माह जून से माह दिसम्बर 2024 तक आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस कार्यक्रम अनुसार 15 जून 2024 को तहसील सण्डीला में अधोहस्ताक्षरी (जिलाधिकारी) की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा तथा सदर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी व बिलग्राम में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान आयोजित होगा।

इसी तरह 06 जुलाई को तहसील सदर में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में, सवायजपुर में सीडीओ व शाहाबाद में एडीएम की अध्यक्षता में, 20 जुलाई को सवायजपुर में डीएम, बिलग्राम में सीडीओ व सण्डीला में एडीएम की अध्यक्षता में, 03 अगस्त को बिलग्राम में डीएम, शाहाबाद में सीडीओ, सदर में एडीएम, 17 अगस्त को शाहाबाद में डीएम, सण्डीला में सीडीओ, सवायजपूर में एडीएम की अध्यक्षता में, 07 सितम्बर को सण्डीला में डीएम, सदर में सीडीओ, बिलग्राम में एडीएम की अध्यक्षता में, 21 सितम्बर को सदर में डीएम, सवायजपुर में सीडीओ, शाहाबाद में एडीएम, 05 अक्टूबर को सवायजपुर में डीएम, बिलग्राम में सीडीओ, सण्डीला में एडीएम, 19 अक्टूबर 2024 को बिलग्राम में डीएम, शाहाबाद में सीडीओ व सदर में एडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण सामाधान दिवस आयोजित किया जायेगा।02 व 03 नवम्बर 2024 को अवकाश होने के कारण 04 नवम्बर तहसील शाहाबाद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में, सण्डीला में सीडीओ, सवायजपुर में एडीएम की अध्यक्षता में, 16 नवम्बर को सण्डीला में डीएम, सदर में सीडीओ, बिलग्राम में एडीएम की अध्यक्षता में, 07 दिसम्बर को सदर में डीएम, सवायजपुर में सीडीओ, शाहाबाद में एडीएम की अध्यक्षता में तथा 21 दिसम्बर 2024 को सवायजपुर में जिलाधिकारी, बिलग्राम में मुख्य विकास अधिकारी तथा सण्डीला में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजना किया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता मे आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस मे पुलिस अधीक्षक एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा भाग लिया जायेगा, तथा जनपद की नामित तहसीलों मे सीडीओं एवं एडीएम की अध्यक्षता मे सम्पूर्ण दिवस का आयोजन किया जायेगा, और अन्य शेष तहसीलों मे उपजिलाधिकारियों की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा,जिसमे तहसील स्तरीय समस्त अधिकारियों द्वारा भाग लिया जायेगा।

## भारत विकास परिषद ने विश्व रक्तदान दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

हरदोई(एजेंसी) ।ष्रक्तदान महादान षविश्व रक्तदान दिवस पर भारत विकास परिषद हरदोई शाखा द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक मेडिकल कालेज हरदोई में किया गया सइस अवसर पर शिविर का उद्घाटन सुबोध वर्मा अधीक्षक महिला अस्पताल द्वारा किया गया।उदघाटन के उपरांत डा0 वर्मा ने कहा कि 18 वर्ष से 60 वर्ष तक का प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति रक्तदान प्रति 3 माह पर कर सकता है। 3 माह के पश्चात शरीर में पूर्ण रक्त स्वयं बन जाता है रक्तदान करने से शरीर से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है।वरन एक व्यक्ति की रक्त की अल्पता से जान अवश्य बचाई जा सकती हैं।परिषद के अध्यक्ष अवध बिहारी जी ने कहा, प्राचीन काल से ही सभी धर्मों में दान का बहुत महत्व बताया गया है परन्तु रक्तदान का महत्व सर्वोपरि है।प्रांतीय संगठन सचिव गौरव भदौरिया ने कहा, जीते जीते रक्तदान मरते मरते नेत्र दान से बडा कोई दान नहीं है।कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के संरक्षक राजवर्धन



श्रीवास्तव, अतुल अग्रवाल,भाजपा नेता पारुल दीक्षित,लायंस क्लब रीजन चेयर परसन अखिलेश गुप्ता,श्याम जी गुप्ता भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती अलका गुप्ता जी,नगर अध्यक्ष श्रीमती मधुबाला गुप्ता,सदस्य कैप्टन रूद्र दत्त दीक्षित, सचिव कैप्टन रामकिशोर शुक्ला, नृपेंद्र सिंह मौजूद रहे।शिविर का समापन अतिरिक्त जिला जज भानू प्रताप ने सभी 27 रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए किया स इस शिविर का आयोजन रक्तदान के प्रति समाज को जागरूक करने हेतु किया गया जिससे समाज मेंरक्तदान के प्रति बैठे डर को निकाला जा सके।रक्तदान करने वालों मेंपरिषद के अध्यक्ष अवध बिहारी मिश्र, नैमिष प्रान्त के प्रांतीय संगठन सचिव गौरव भदौरिया, पूर्व सचिव अनूप पूरी,सुरेन्द्र विक्रम सिंह,अक्षिता मिश्रा, शैलेन्द्र पाठक, एस आई मोहित कुमार, दुष्यन्त सिंह, शिवांशु तिवारी, सुनील कुमार,अभिषेक, प्रिया सिंह रही।ब्लड बैंक की टीम मेंअकील खान, सर्वेंद्र सिंह, सुधीर वर्मा,अमन त्रिपाठी,आकाश दीप वर्मा,अजय शुक्ला, रश्मि दीक्षित,खुशबू राजीव कुमार,हरिराम ने रक्तदान की प्रक्रिया पूर्ण कराई।

## जिला अस्पताल में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

हरदोई(एजेंसी) ।जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार सिंह के सरंक्षण एवं अनुमति से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में आज दिनांक 14ध्06ध् 2024 को विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला महिला चिकित्सालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर का संचालन असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल पवन गुप्ता द्वारा किया गया। अपर जिला जज ने शिविर में उपस्थित आमजनमानस को बताया कि दुनियाभर में 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस (वतसक ठसववक क्वदवत क्ंल) के रूप में मनाया जाता है। जिसे मनाने का मकसद समय–समय पर रक्तदान करके कई लोगों की जिंदगियां बचाने वालों को धन्यवाद देना, साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना भी है।

रक्तदान को महादान कहा गया है। 18 से 65 वर्ष की आयु के बीच कोई भी व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और परिवारजनों को भी इसके लिए प्रेरित करें तथा अपर जिला जज द्वारा शिविर में उपस्थित आमजनमानस को पंच प्राण सिद्धान्तों की शपथ दिलाई तत्पश्चात अपर जिला जज द्वारा ब्लड बैंक का निरीक्षण किया गया तथा रक्तदान करने वाले व्यक्तियों को प्रमाण–पत्र वितरित किये गए। शिविर में डॉ वीके वर्मा,डॉ नमृता यादव,डॉ स्वाती,डॉ आशीष वर्मा,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी,पीएलवी दिनेश कुमार, फारुक अहमद,कार्यालय चपरासी सौरभ तिवारी व चिकित्सालय स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

## चार महीने में ही बैठ गई पुलिया, ग्रामीणों में आक्रोश

सुलतानपुर(एजेंसी)। अंधेरा वहां है जहां विकास नहीं है, फिर भी विकास करने के नाम पर अधिकारी सरकारी धनों के बंदरबाट करने में कोई गुरेज नहीं कर रहे। लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड के अधिकारों पर सरकार का कोई खौफ नहीं नजर आ रहा। विभागीय लापरवाही का यह दूसरा जीता जागता नमूना विकासखंड दुबेपुर के जनापुर उघरपुर में लगभग दो लाख रुपए की लागत से हुए पुलिया निर्माण में घोर लापरवाही के कारण पुलिया बैठ जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताते चलें कि विकास खंड दुबेपुर के जनापुर मजरे उघरपुर के सैकड़ो ग्रामीणों ने जलभराव के कारण आवागमन में हो रही समस्याओं को लेकर जनपद सुलतानपुर व अमेठी से भाजपा के विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र सिंह से जलभराव से हो रही आवागमन की समस्याओं को लेकर एक पुलिया निर्माण कराए जाने की मांग पिछले बर्ष अक्टूबर माह में की थी। जनहित को देखते हुए जिस पर कार्य योजना तैयार कर तालाब पानी निकासी के लिए पुलिया निर्माण तत्काल कार्य प्रारंभ करने के लिए लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड को दिया गया था। आदेश के चार माह बाद फरवरी 2024 से पुलिया निर्माण तो शुरू हुआ। परन्तु घटिया पीला ईंट, जमीन में बिना सीमेंटड तह मजबूत किए बिना पाइप रखने की घोर लापरवाही को देखते हुए जनापुर उघरपुर गांव के ग्रामीणों में आक्रोश पैदा हुआ था। मामले की हकीकत बयां करते हुए गांव के सुनील कुमार सिंह रामराज यादव, सतीश यादव, भीमदेव, अच्छेलाल, हीरालाल, रामकरन, शिवकुमार, माताफेर, सुरेश कुमार सिंह रमेश कुमार सिंह बीपत राम, लल्लू राम, राम कृपाल, प्रवीण कुमार, सहित कई दर्जनों लोगों ने आरोप लगाते हुए विभाग के क्षेत्रीय जेई– अमरदीप यादव, सलीम ठेकेदार सहित मेट मनोज यादव से शिकायत की थी। मामले में अनदेखी करते हुए मेट– मनोज यादव ने स्वजातीय जेई अमरदीप यादव को हमवार करते हुए जबरन घटिया निर्माण यह कहते हुए करवा दिया कि अधिकारी पैसा खाया है, तुम लोगों की शिकायत पर कुछ होने वाला नहीं है। इधर वहीं बरसात की हल्की बूंदाबांदी में चार महीने बाद मिट्टी सहित पुलिया बैठने लगी और पूर्ववत की तरह जल भराव होने लगा। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव से बाहर निकले का यही एक मुख्य मार्ग है, अगर घटिया पुलिया निर्माण व पाइप बरसात के पहले सही नहीं किया गया तो सैकडो ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग को होगी।

# कमजोर वैश्विक संकेतों से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 200 अंक फिसला



मुंबई,14 जून। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को हरे निशान में खुले, लेकिन बिकवाली के दबाव में कुछ ही देर में गिरावट में चले गये। सुबह 9रू35 पर बीएसई का सेंसेक्स 201 अंक या 0.26 प्रतिशत टूटकर 76,608 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 43 अंक या 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,359 अंक पर था।

बाजार में रुझान सकारात्मक बना हुआ है। एनएसई पर 1,247 शेयर हरे निशान में और 853 शेयर लाल निशान में हैं। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीददारी हावी है। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 146 अंक या 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 54,798 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप सूचकांक 78 अंक या 0.44 प्रतिशत बढ़कर 17,986 अंक पर है।

सेक्टर के हिसाब से देखें तो शुरुआती कारोबार में एफएमसीजी, रियल्टी और ऑटो में तेजी है। वहीं, आईटी, धातु और ऊर्जा समूहों पर दबाव है।

सेंसेक्स में टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलिवर, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और सनफार्मा में सबसे ज्यादा तेजी देखी गई। वहीं, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और आईसीआईसीआई बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट रही।

प्रभुदास लीलाधर में टेक्निकल रिसर्च की उपाध्यक्ष वैशाली पारेख का कहना है कि पिछले चार सत्रों से निफ्टी 23,400 अंक से लेकर 23,450 अंक के स्तर को तोड़ नहीं पा रहा है और यहां से मुनाफावसूली देखने को मिल रही है। वहीं, 23,200 अंक एक मजबूत सपोर्ट बना हुआ है। अगर यह 23,400 अंक की बाधा को पार कर टिकने में कामयाब रहता है तो यह 23,800 अंक तक भी जा सकता है।

एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो, बैंकॉक और सोल के बाजार हरे निशान में हैं, जबकि जकार्ता, हांगकांग और शंघाई के बाजारों में गिरावट के साथ कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार गुरुवार को मिले–जुले बंद हुए थे। कच्चे तेल का बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी डब्ल्यूटीआई 78 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है।

# इंग्लैंड का दमदार कमबैक, ओमान को हराकर नेट रन रेट में भारी बढ़त हासिल की



नॉर्थ साउंड (एंटीगा),14 जून। टी20 विश्व कप 2024 में इंग्लैंड ने शानदार वापसी की है। गुरुवार रात सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में इंग्लिश टीम ने ओमान पर 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और टीम सुपर–8 की दौर में बनी हुई है।इंग्लैंड ने ओमान को 47 रन पर ढेर कर दिया और 3.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। यह टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में चौथा सबसे कम टीम स्कोर रहा। इस जीत की मदद से इंग्लैंड ने ग्रुप बी में नेट रन रेट में भारी बढ़त हासिल कर ली।पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण ने ओमान की बैटिंग लाइन अप को तहस–नहस कर दिया। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने तीन–तीन विकेट लिए।स्पिनर आदिल राशिद ने अपने चार ओवर में 11 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड ने 12 रन देकर तीन–तीन विकेट लिए। इसी मैच में आर्चर ने अपना 50वां टी20 अंतर्राष्ट्रीय विकेट भी हासिल किया।इंग्लैंड ने 48 रन के लक्ष्य को जल्दी ही हासिल कर लिया। फिल साल्ट ने पहली दो गेंदों पर छक्का जड़ा, लेकिन तीसरी गेंद पर आउट हो गए।जोस बटलर (8 गेंदों पर नाबाद 24 रन) और जॉनी बेयरस्टो (2 गेंदों पर नाबाद 8 रन) ने विल जैक्स के 5 रन पर आउट होने के बाद यह लक्ष्य आसानी से हासिल किया।

इंग्लैंड के पास अब ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर मौजूद स्कॉटलैंड (2.164) की तुलना में बेहतर नेट रन रेट (3.081) है, इसलिए अगर वे नामीबिया को हरा देते हैं और स्कॉटलैंड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक भी अंक हासिल करने में विफल रहता है, तो वे सुपर 8 के लिए क्वालीफाई कर लेंगे।

# रुरल इंफ्रास्ट्रक्चर पर होगा अधिक खर्चा, एक्सपर्ट ने जताई संभावना



मुद्रास्फीति पर टिप्पणी करते हुए अर्थशास्त्री ने कहा कि इस साल यह मोटे तौर पर 4.9 से 5.1ः के बीच सीमित दायरे में रही है। उपासना ने कहा कि अगर इस साल मानसून ठीक रहा तो इससे खाद्य मुद्रास्फीति से जुड़ी चिंताओं को कम करने में मदद मिलेगी।भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025 में निजी पूंजीगत व्यय में अधिक व्यापक आधार पर सुधार दर्ज करेगी। ये कहना है मॉर्गन स्टेनली की मुख्य भारत अर्थशास्त्री उपासना चाचरा का। एक मीडिया चौनल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था में पूंजीगत व्यय को अब निजी पक्ष से भी अधिक समर्थन मिलने की संभावना है।

सार्वजनिक पूंजीगत व्यय पर उन्होंने कहा कि वृद्धि अभी भी काफी मजबूत बनी हुई है और नाममात्र जीडीपी से ऊपर बढ़ रही है। उन्हें वित्त वर्ष 25 में इसमें कोई बदलाव नहीं दिख रहा है। आर्थिक विकास के बारे में चचरा ने कहा, ष्हम भारत के परिदृश्य के बारे में काफी सकारात्मक बने हुए हैं, जैसे कि निकट भविष्य के वित्त वर्ष 25 के परिप्रेक्ष्य से या मध्यम अवधि की विकास कहानी से, जहां हमें लगता है कि भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनने की संभावना है।ष्उन्होंने कहा कि हाल के लोकसभा चुनाव परिणाम सरकार में और प्रमुख मंत्री पदों पर निरंतरता को दर्शाते हैंऔर इसलिए नीतिगत निरंतरता भी दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि पर उनका पूर्वानुमान निकट अवधि और मध्यम अवधि दोनों में अपरिवर्तित बना हुआ है। मॉर्गन स्टेनली इंडिया को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.8ः की दर से बढ़ेगी।मुद्रास्फीति पर टिप्पणी करते हुए अर्थशास्त्री ने कहा कि इस साल यह मोटे तौर पर 4.9 से 5.1ः के बीच सीमित दायरे में रही है। उपासना ने कहा कि अगर इस साल मानसून ठीक रहा तो इससे खाद्य मुद्रास्फीति से जुड़ी चिंताओं को कम करने में मदद मिलेगी। आरबीआई एमपीसी पर एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक इस वर्ष और अगले वर्ष भी यथास्थिति बनाए रखने की संभावना है।अर्थशास्त्री का कहना है कि यदि मुद्रास्फीति में गिरावट के बारे में आश्चर्य होता है या यदि विकास के परिणाम गलत होते हैं तो नीतिगत दरों में ढील की संभावना है। जुलाई 2024 में आगामी पूर्ण केंद्रीय बजट को लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें राजस्व व्यय की तुलना में पूंजीगत व्यय या ग्रामीण बुनियादी ढांचे पर खर्च में अधिक वृद्धि की उम्मीद है।

# कनाडा के खिलाफ मैच के बाद भारत लौट सकते हैं शुभमन, आवेश



नई दिल्ली,14 जून। भारतीय टीम के रिजर्व खिलाड़ी शुभमन गिल और आवेश खान कनाडा के खिलाफ मैच के बाद मौजूदा टी20 विश्व कप से टीम का साथ छोड़ भारत लौट आएंगे।

टीम इंडिया में बैकअप के तौर पर दोनों खिलाड़ी टीम के बाकी सदस्यों के साथ फ्लोरिडा गए। गिल और आवेश उन चार सदस्यीय रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल थे। वहीं, दो और अन्य रिजर्व खिलाड़ी खलील अहमद और रिंकू सिंह टीम के साथ बने रहेंगे।क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, गिल और आवेश दोनों खिलाड़ियों का साथ टीम इंडिया के साथ केवल यूएस लेग तक ही था।रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ग्रुप चरण में लगातार तीन मैच जीतकर टूर्नामेंट के सुपर आठ चरण में पहुंच गई। यूएस लेग के अपने आखिरी मैच में भारत शनिवार को फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल में कनाडा से भिड़ेगा।भारत ने आयरलैंड, पाकिस्तान और यूएसए को हराकर अब तक टूर्नामेंट में ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया है। फ्लोरिडा में खराब मौसम की स्थिति भारत की जीत की लय में खलल डाल सकती है।

फिलहाल फ्लोरिडा में बाढ़ जैसी स्थिति ने स्थानीय लोगों के लिए कहर बरपाया है। माना जा रहा है कि टी20 विश्व कप के कुछ और मैच भी इससे प्रभावित हो सकते हैं।जानकारी के अनुसार, रिंकू और खलील टीम के साथ रहेंगे और ब्रिजटाउन, बारबाडोस जाएंगे जहां भारत 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ अपना पहला सुपर आठ मैच खेलेगा। अन्य दो सुपर आठ मैच 22 जून को एंटीगा और 24 जून को सेंट लूसिया में होंगे।

# बैंकिंग, आटोमोबाइल सेक्टर के शेयर में उछाल से हरे निशान पर बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 181 अंक चढ़कर 76,992 पर हुआ क्लोज




बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 181.87 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़कर 76,992.77 अंक के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 270.4 अंक यानी 0.35 प्रतिशत चढ़कर 77,081.30 अंक पर पहुंच गया था।मुंबई। निर्यात के उत्साहजनक आंकड़ों के बीच शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों में लिवाली आने से लगातार तीसरे सत्र में भी तेजी जारी रहा। इसके असर में घरेलू बाजारों के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 181.87 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़कर 76,992.77 अंक के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 270.4 अंक यानी 0.35 प्रतिशत चढ़कर 77,081.30 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 66.70 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,465.60 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 91.5 अंक बढ़कर 23,490.40 अंक के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और एशियन पेंट्स के शेयरों में सबसे अधिक तेजी दर्ज की गई। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टूब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया। घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को आए अनुकूल निर्यात आंकड़ों से भी प्रभावित हुआ। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में वस्तु निर्यात नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान देश का आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया, जापान का निक्की तथा चीन का शंघाई कम्पोजिट फायदे में रहे जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को मिले–जुले रुख के साथ बंद हुए थे। यूरोपीय बाजारों में दोपहर के कारोबार तक गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82.65अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में बृहस्पतिवार को बिकवाल रहे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,033 करोड़ रुपये की कीमत के शेयरों की बिक्री की।

# टेस्ला शेयरधारकों ने मंजूर किया मस्क के लिए 56 अरब डालर का पे पैकेज




सैन फ्रांसिस्को,14 जून। टेस्ला के पक्षकारों की ओर से कंपनी के सीईओ एलन मस्क को दिए जाने वाले 56 अरब डॉलर (जिसकी अब वैल्यू 44.9 अरब डॉलर है) के पे पैकेज का समर्थन किया गया है।

इसके अलावा पक्षकारों ने कंपनी को डेलावेयर से हटाकर टेक्सस में स्थानांतरित करने को लेकर भी सहमति दे दी।कंपनी ने बताया कि टेस्ला के बोर्ड की ओर से 2018 में 73 प्रतिशत वोट के साथ मस्क का पे पैकेज मंजूर कर दिया गया था।कंपनी की ओर से अप्रैल में मस्क को दिए जाने वाले इस पैकेज का वैल्यूशन 44.9 अरब डॉलर बताया गया था। बता दें, टेस्ला के शेयर में इस वर्ष 25 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है।इलेक्ट्रिक कार कंपनी द्वारा दिए गए बयान में कहा गया कि पक्षकारों की ओर से 2018 सीईओ परफॉर्मेंस अवार्ड और कंपनी को टेक्सस में स्थानांतरित करने को लेकर समर्थन किया गया है।बता दें, टेक्सस के पक्षकारों की ओर से समर्थित मस्क का पे पैकेज 100 प्रतिशत स्टॉक ऑप्शन के रूप में होगा।देर रात गुरुवार को हुई टेस्ला की बैठक में मस्क की ओर से सभी शेयरधारकों को भरोसा दिया गया कि वे कंपनी को छोड़कर नहीं जाएंगे और अगले 5 वर्षों तक कोई भी शेयर नहीं बेचेंगे।मस्क ने कंपनी के शेयरधारकों से कहा कि ये पैकेज नकद में नहीं है। मैं कंपनी को बिल्कुल भी छोड़कर नहीं जाऊंगा और मैं ऐसा बिल्कुल भी नहीं करना चाहता।अमेरिकी बाजार में गुरुवार के सत्र में टेस्ला का शेयर 2.92 प्रतिशत की तेजी के साथ करीब 182 डॉलर पर बंद हुआ। कंपनी का मार्केट कैप 570 अरब डॉलर के आसपास है।

# Elon Musk के वेतन पर लगी मुहर, घर ले जाएंगे 4.38 लाख करोड़ की सैलरी, कई वर्षो के इंतजार के बाद सुलझा मामला



न ही उन्हें विचारों और अन्य स्थानों की कमी का सामना करना पड़ता है जहाँ वे दुनिया में एक अविश्वसनीय बदलाव ला सकते हैं। हम चाहते हैं कि वे विचार, वह ऊर्जा और वह समय टेस्ला में हो, ताकि आप, हमारे मालिकों को लाभ हो।

वर्षों से टेस्ला से मिलने वाले वेतन के इंतजार में बैठे कंपनी के सीईओ एलन मस्क के लिए खुशी की खबर है। टेस्ला के शेयरधारकों ने सीईओ एलन मस्क के लिए अरबों डॉलर के वेतन पैकेज को मंजूरी दी है। इस वर्ष जनवरी के महीने में ही अदालत ने इस पैकेज को खारिज किया था। अब शेयरधारकों ने मंजूरी दी है। शेयरधारकों ने टेस्ला को टेक्सास ले जाने के पक्ष में भी मतदान किया। एलन मस्क का मुआवजा पैकेज, टेस्ला के शेयरों को बहुत कम कीमत पर खरीदने के लिए 303 मिलियन विकल्प, पाँच महीने पहले 51 बिलियन डॉलर का था। हालांकि अब उन्हें मिलने वाले पैकेज को मंजूरी मिल चुकी है। इसके साथ ही दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की दौलत में जबरदस्त बढ़ोतरी हो जाएगी। टेस्ला के शेयरधारकों की एनुअल बैठक 13 जून को हुई थी। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट की मानें तो इस बैठक में शेयरहोल्डर्स के समक्ष एलन मस्क को पे पैकेज का प्रस्ताव आया था। उस पैकेज के समर्थन में ही शेयरधारकों ने वोट किया है। इस वर्ष टेस्ला के शेयर मूल्य में लगातार गिरावट के कारण गुरुवार को बाजार बंद होने तक इसकी कीमत 48.3 बिलियन डॉलर हो गई है। कंपनी के शेयर की कीमत 2021 के अंत में एक ट्रिलियन डॉलर वाली कंपनी के रूप में अपने चरम से आधे से अधिक गिर गई है। टेस्ला ने कहा कि एलन मस्क के वेतन पैकेज को उसी तरह जारी रखना होगा ताकि एलन मस्क पूरी तरह से टेस्ला को चलाने में व्यस्त रहें। ऐसा इसलिए ताकि एलन मस्क अपनी अन्य कंपनियों पर ध्यान न दें, क्योंकि वह स्पेसएक्स, न्यूरालिंक, बोरिंग कंपनी के प्रमुख और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक भी हैं, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था।टेस्ला के अध्यक्ष रोबिन डेनहोम ने शेयरधारकों को लिखे पत्र में कहा, ष्यह स्पष्ट रूप से पैसे के बारे में नहीं है। हम सभी जानते हैं कि एलन ग्रह पर सबसे धनी व्यक्तियों में से एक हैं और यदि टेस्ला 2018 में की गई प्रतिबद्धता से मुकर भी जाए तो भी वे धनी ही बने रहेंगे। एलन कोई आम कार्यकारी नहीं हैं और टेस्ला कोई आम कंपनी नहीं है। यही वह बात है जो उन्हें शेयरधारकों के लिए मूल्य सृजन जारी रखने के लिए प्रेरित करेगी।उन्होंने आगे कहा, ष्हमने 2018 में जो पहचाना और आज भी पहचानते हैं वह यह है कि एक चीज जो निश्चित रूप से एलोन के पास नहीं है, वह है असीमित समय। न ही उन्हें विचारों और अन्य स्थानों की कमी का सामना करना पड़ता है जहाँ वे दुनिया में एक अविश्वसनीय बदलाव ला सकते हैं।

# टी20 विश्व कप के सुपर-8 में पहुंचा अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड हुआ बाहर




टरूबा(त्रिनिदाद),14 जून। टी20 विश्व कप के सुपर–8 में अफगानिस्तान ने क्वालीफाई कर लिया है।अफगानिस्तान ने शुक्रवार को ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम में पापुआ न्यू गिनी को सात विकेट से हराकर टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक भी लगाई। अफगानिस्तान की यह जीत न्यूजीलैंड के लिए बड़ा झटका है। सुपर–8 में पहुंचने का कीवी टीम का इरादा पूरा नहीं हो पाया। न्यूजीलैंड ग्रुप–सी में दो मैचों में दो हार के साथ सबसे नीचे है।अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज ने ग्रुप में तीनों मुकाबले जीत लिए। वहीं, न्यूजीलैंड को लगातार हार मिली और टीम टूर्नामेंट की रेस से बाहर हो गई है।इस मुकाबले की बात करें तो टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ गेंदबाजी करने का फैसला किया। पापुआ न्यू गिनी 19.5 ओवर में 95 रन पर ऑल आउट हो गई जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज किपलिन डोरिगा ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 27 रन बनाए। जवाब में गुलबदीन की 49 रन की पारी के दम पर अफगानिस्तान ने 15.1 ओवर में 3 विकेट खोकर 96 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। हालांकि, 96 रनों का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहले तीन ओवरों में ही सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान का विकेट खो दिया और पावरप्ले 39ध्2 पर समाप्त हुआ।तीसरे स्थान पर आए गुलबदीन ने पारी को संभाला।



# सोनाक्षी 23 जून को करेंगी कोर्ट में शादी

'kत्रुघ्न सिन्हा की बेटी और हीरामंडी एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी शादी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। बताया जा रहा था कि वह अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ 23 जून को इंटीमेट वेडिंग करने वाली हैं। वहीं उनकी शादी से जुड़ा नया अपडेट सामने आया है कि वह कोर्ट मैरिज करने वाली हैं, जिसकी डेट 23 जून है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कपल की ओर से खास लोगों को इन्विटेशन भेजा जा रहा है। इस खबर के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हैं कि यह जश्न कैसा होने वाला है। सोनाक्षी सिन्हा ने शादी की खबरों पर अपना रिएक्शन देते हुए कहा, सबसे पहले, इसका किसी से लेना देना नहीं है। दूसरा, यह मेरी पसंद है, इसलिए मुझे नहीं पता कि लोग इसके बारे में इतना परेशान क्यों हैं। लोग मुझसे मेरे माता–पिता से ज्यादा मेरी शादी के बारे में पूछ रहे हैं, इसलिए मुझे यह बहुत मजेदार लगता है। अब, मैं बस इसकी आदी हो गई हूं। यह मुझे परेशान नहीं करता। लोग जानना चाहते हैं। हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं?इससे पहले कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि शादी के लिए ड्रेस कोड फॉर्मल और फेस्टिव होगा और सेलिब्रेशन मुंबई के दादर स्थित बैस्टियन–एट द टॉप रेस्टोरेंट में होगा। बताया जाता है कि यह कपल एक साल से साथ रह रहा है। सोनाक्षी और जहीर दोनों ने ही सलमान खान प्रोडक्शंस के साथ सिनेमा में अपना सफर शुरू किया था। सोनाक्षी ने सलमान खान की 2010 में आई दबंग से डेब्यू किया। यह फिल्म सुपरहिट रही और एक्ट्रेस के तौर पर उनका करियर चल पड़ा। वहीं, जहीर ने 2019 में आई फिल्म नोटबुक से डेब्यू किया जबकि कहा जा रहा है कि इन दोनों की लव स्टोरी सलमान खान की पार्टी से शुरू हुई थी। सलमान ने एक पार्टी रखी थी, जिसमें उन्होंने दोनों को बुलाया था। पार्टी में सोनाक्षी और जहीर के बीच दोस्ती शुरू हो गई और वक्त के साथ यह दोस्ती का रिश्ता प्यार में बदल गया। जहीर और सोनाक्षी एक साथ फिल्म डबल एक्सएल में नजर आए थे। इस फिल्म में एक्ट्रेस हुमा कुरैशी भी थी। ¼fgQh½



# जया व अमिताभ के साथ घूमने जाती थीं फरीदा जलाल

dभी खुशी कभी गम, दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे और कुछ कुछ होता जैसी फिल्मों में नजर आ चुकीं दिग्गज अदाकारा फरीदा जलाल कई सालों से इंडस्ट्री का हिस्सा रही हैं। 1963 से बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम कर चुकीं एक्ट्रेस अब तक इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। इसी बीच उन्होंने हाल ही में बॉलीवुड बबल से हुई बातचीत में सुपरस्टार कपल अमिताभ बच्चन और जया बच्चन से अपने बॉन्ड का जिक्र किया और बताया कि कैसे दोनों अपने साथ उन्हें भी घुमाने ले जाते थे। एक्ट्रेस ने ताज होटल में कॉफी आउटिंग से लेकर लॉन्ग ड्राइव पर तीनों के खुशी के पलों को याद करते हुए कहा, मैं पाली हिल में रहती थी और अमित जी जुहू में। उनकी शादी होने वाली थी, हुई नहीं थी। दोनों में कोर्टशिप चल रहा था और झगड़े जैसे कपल के होते हैं आपस में वैसे होते थे। अमित जी रात के वक्त खुद गाड़ी चलाते थे और जया बगल में बैठती और मैं पीछे। मैं उनको बोलती मुझे कबाब में हड्डी बनाके क्यों ले लेते हो आप लोग। आगे उन्होंने कहा, मैं जल्दी सोने वाले लोगों में से हूं लेकिन वो फिर भी मुझे फोन करते थे और झगड़ा करते रहते थे और मैंने यह देखा है। जया रोती थी, वो मनाते थे। मुझे वो पल बेहद पसंद आते थे। मेरी और जया की दोस्ती बहुत पुरानी है। मैं उन्हें प्यार से जिया बुलाती थी। कॉफी डेट से लौटते समय वे फिल्मों के बारे में बात करते थे। फिर वे मुझे छोड़कर घर चले जाते थे। मैं बस इतना ही कह सकती हूं कि वे बहुत प्यारे हैं। उन्होंने मुझे और गुलजार साहब को अपनी शादी में बुलाया। इंडस्ट्री से कोई और वहां नहीं था। गौरतलब है कि फरीदा जलाल को आखिरी बार संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार में देखा गया था। वहीं उनके किरदार को काफी पसंद भी किया गया था।

# कंगना ने कहा राजनीति में बीमार लोग आते हैं



,क्ट्रेस से सांसद बनीं कंगना रनौत इन दिनों खबरों में छाई हुई हैं। लोकसभा मंडी सीट जीतने के बाद कंगना लगातार लाइमलाइट हैं। उन्होंने पॉलिटिक्स में एंट्री करते ही एक बड़ी जीत हासिल की। अब सांसद बनने के बाद कंगना ने दावा किया है कि उन्हें बीते 5 सालों से लगातार पॉलिटिक्स ज्वाइंन करने के ऑफर मिल रहे थे। उनके पास फिल्मों से ज्यादा पॉलिटिक्स ज्वाइंन करने के ऑफर थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। इसके पीछे भी कंगना एक बड़ा कारण बताया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि राजनीति करना फिल्मों में काम करने से कहीं ज्यादा टफ हैं क्योंकि यहां बीमार लोग आते हैं।

बीजेपी सांसद एक्ट्रेस कंगना रनौत ने 2006 में रिलीज हुई गैंगस्टर से अपने करियर की शुरुआत की। वह 18 साल से फिल्मों में काम कर रही हैं। अपने पूरे करियर में उन्होंने कई तरह की दमदार भूमिकाएं निभाई हैं। कंगना रनौत बैक–टू–बैक चार नेशनल अवॉर्ड सहित कई पुरस्कार जीत चुकी हैं। अब वह पॉलिटिक्स में एंट्री कर चुकी हैं। उन्होंने राजनीति में अपनी पहली ही बारी लोकसभा मंडी सीट जीतने के बाद ये साबित कर दिया कि वह किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है। इन्हीं सब के बीच कंगना ने दावा किया है कि उन्हें 18 साल पहले ही राजनीति ज्वाइंन का न्यौता मिल चुका था लेकिन उन्होंने राजनीति को दरकिनार कर फिल्मों में अपना करियर बनना सबसे उत्तम समझा। इसके आलावा उन्होंने कहा कि 2019 से उन पर लगातार पॉलिटिक्स में एंट्री करने ऑफर मिल रहे थे। ऐसे में सही समय आने पर उन्होंने अपना अगला कदम उठाया है। एक्टिंग करियर और राजनीति में बैलेंस करने पर कंगना रनौत का कहना है कि मैं उनमें से हूं जो अपना पैशन फॉलो करती हूं। अगर आप फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें देखेंगे तो वह एक एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर के रूप में नजर आएंगी लेकिन राजनीति के करियर में वह अब लोगों के साथ जुड़ना चाहेंगी और लोगों को जोड़ना भी होगा इसलिए वह अब वहीं करेंगी जो उन्हें करना है। कंगना का मनाना है कि पॉलिटिक्स की तुलना में फिल्म इंडस्ट्री में काम आसान है। यह डॉक्टरों की लाइफ की तरह एक कठिन जीवन है जहां केवल परेशान लोग ही आपसे मिलने आते हैं। जब आप फिल्म देखने जाते हैं

# डायरेक्टर नागराज मंजुले के साथ काम करना मेरी विश लिस्ट में था: सई ताम्हणकर



मराठी और बॉलीवुड एक्ट्रेस सई ताम्हणकर इन दिनों विजय वर्मा स्टारर मटका किंग को लेकर काफी चर्चाओं में है। इसे नागराज मंजुले डायरेक्ट कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि नागराज के साथ काम करना उनकी विश लिस्ट में था, जिसके चलते वह काफी एक्साइटेड हैं।

सई ने कहा, नागराज मंजुले के साथ काम करना मेरी विश लिस्ट में था। मैंने कई इंटरव्यू और सोशल मीडिया पर इस बारे में भी कई बार बात की है। मैं उनके साथ काम करने के लिए बहुत एक्साइटेड और नर्वस हूं।

सई ने कहा, यह अमेजन प्राइम की एक वेब सीरीज है, जिसमें विजय भी शामिल हैं। मुझे इसमें उनके जैसे बेहतरीन एक्टर के साथ काम करने का मौका मिलेगा। अभी, मैं अपने किरदार के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता सकती, लेकिन कुल मिलाकर यह मेरी जिंदगी का सबसे रोमांचक किरदार होगा।

मटका किंग में कृतिका कामरा, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे कलाकार अहम रोल में हैं।

मटका किंग की कहानी 1960 के दशक की है, जिसमें एक कपास व्यापारी मटका नामक एक नया जुआ खेल शुरू करता है। यह खेल शहर में तूफान मचा देता है। यह खेल पहले सिर्फ अमीरों और अभिजात वर्ग के लिए आरक्षित था, लेकिन अब हर वर्ग के लोग जुड़ जाते हैं।

रॉय कपूर फिल्म्स के बैनर तले सिद्धार्थ रॉय कपूर और नागराज मंजुले के साथ गार्गी कुलकर्णी, आशीष आर्यन और अश्विनी सिदवानी द्वारा निर्मित इस सीरीज का निर्देशन नागराज ने किया है और मंजुले के साथ अभय कोरानने ने इसे लिखा है।

फिलहाल यह फिल्म प्रोडक्शन स्टेज में है और इसे प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा।

वर्कफ्रंट की बात करें तो सई की झोली में ग्राउंड जीरो, अग्नि और डब्बा कार्टेल जैसी फिल्में हैं।

उन्होंने कई अवॉर्ड्स अपने नाम किए। वह कबड्डी प्लेयर रह चुकी हैं। वह दुनियादारी, सौ शशि देवधर, पोस्टकार्ड और क्लासमेट्स जैसी शानदार फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने हंटर, लव सोनिया, गजनी, वेक अप इंडिया, मिमी, इंडिया लॉकडाउन, तेंदुलकर आउट और हाल ही में भक्षक जैसी हिंदी फिल्मों में भी काम किया हैं।



# स्टाइलिश रेड साड़ी पहने साउथ की हसीना श्रद्धा दास ने ढाया कहर, हाट अवतार देख फैंस हुए बेकाबू

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा दास हमेशा अपने बोल्ड और स्टाइलिश फैशन सेंस को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो अक्सर फैंस के बीच छा जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।साउथ की खूबसूरत हसीना श्रद्धा दास ने अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के बीच अपनी अच्छी पहचान बनाई है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ बेहद ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं, जिसमें उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने रेड कलर की स्टाइलिश साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो काफी ज्यादा हॉट और बोल्ड नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। हाई बन बनाकर, गले में प्यारा सा नेकलेस और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने इस आउटलुक को शानदार तरीके से कंप्लीट किया है।

एक्ट्रेस अपने इस लुक में काफी ज्यादा डेशिंग नजर आ रही हैं। हालांकि फैंस भी उनकी इन तस्वीरों पर जमकर अपनी–अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

# बाक्स आफिस पर मिस्टर एंड मिसेज माही ने 13वें दिन कमाए 90 लाख रुपये, कारोबार 30 करोड़ के पार




सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में लगी हैं जो दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। इस सूची में एक नाम जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का भी शामिल है।इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज का दूसरा सप्ताह चल रहा है और यह बॉक्स ऑफिस अपनी पकड़ बनाए हुए है।हालांकि, अब यह फिल्म सुस्त रफ्तार के साथ ही आगे बढ़ रही है। पिछले कुछ दिनों से इसकी कमाई लाखों में सिमटी हुई है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मिस्टर एंड मिसेज माही ने अपनी रिलीज के 13वें दिन यानी बुधवार को 90 लाख रुपये का कारोबार किया था, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 32.55 करोड़ रुपये हो गया है।मिस्टर एंड मिसेज माही में कुमुद मिश्रा, राजेश शर्मा और जरीना वहाब जैसे कलाकारों ने भी अभिनय किया है।शरण शर्मा ने इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म का निर्देशन किया है, वहीं करण जौहर इसके निर्माता हैं।बॉक्स ऑफिस पर मिस्टर एंड मिसेज माही का सामना राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत, शरवरी वाघ की फिल्म मुंज्या और मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी से हो रहा है।दिव्या खोसला कुमार, हर्षवर्धन राणे और अनिल कपूर जैसे सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म सवीरू ए ब्लडी हाउसवाइफ भी इन दिनों सिनेमाघरों में लगी हुई है।इनके अलावा कार्तिक आर्यन की बहुचर्चित फिल्म चंदू चौंपियन शुक्रवार 14 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

सिन्धु टाइम्स (हिन्दी दैनिक), स्वामी,प्रकाशक/मुद्रक–इमरान हसन सिद्दीकी द्वारा सीता ऑफसेट, 75 पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ। से मुद्रित कराकर 126/21/1, बी0एन0रोड, निकट इस्लामिया कालेज, लालबाग लखनऊ (उ0प्र0)–226021 से प्रकाशित। सम्पादक इमरान हसन सिद्दीकी R.N.I.NO.UPHIN/2010/39063,MOB.-9935403111, E-Mail:sindhutimes99@gmail.com फोन– 0522–4029211 (नोट–किसी भी वाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)